

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 ■ आश्विन शुक्ल पक्ष-9 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-194 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 अक्टूबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## महादेव एप घोटाले का मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर दुबई से गिरफ्तार

### शीघ्र ही चंद्राकर को भारत लाया जाएगा

■ रायपुर 11 अक्टूबर

छत्तीसगढ़ के भिलाई से निकलकर महादेव ऐप के जरिए करोड़ों की सट्टेबाजी का साम्राज्य खड़ा करने वाला सौरभ चंद्राकर आखिरकार कानून के शिकंजे में फंस गया है। दुबई से उसकी गिरफ्तारी ने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। यह गिरफ्तारी प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर की गई। इस ऑपरेशन में विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

लगभग डेढ़ महीने पहले, छत्तीसगढ़ सरकार ने महादेव ऐप सट्टेबाजी घोटाले की जांच को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का निर्णय लिया था। यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था, जिसके बाद चंद्राकर की गिरफ्तारी हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट किया था कि घोटाले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। सभी दोषियों को सख्त



सजा दिलाने के लिए सीबीआई को जांच सौंपी गई है।सीबीआई और ईडी ने इस घोटाले की गहराई में जाकर जांच की, जिससे चंद्राकर की गतिविधियों का पर्दाफाश हुआ। अब तक 572.41 करोड़ रुपये की संपत्तियों को अटैच किया जा चुका है, जिसमें 100 करोड़ रुपये की संपत्ति दुबई में है। यह गिरफ्तारी अत्यंत गोपनीय तरीके से की गई थी, जिसमें केवल कुछ शीर्ष अधिकारियों को इसकी जानकारी थी। उच्च-स्तरीय सूत्रों ने बताया कि चंद्राकर को आसानी से गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई को पूरी तरह गुप्त रखा गया। दुबे में गिरफ्तारी के बाद, भारत सरकार और सीबीआई को जानकारी मिलने पर प्रत्यर्पण प्रक्रिया तेज हो गई। एमईए (विदेश मंत्रालय), एमएचए(गृह मंत्रालय), ईडी और सीबीआई ने संयुक्त रूप से काम किया, सभी औपचारिकताओं को बिना देरी के पूरा करने की प्रक्रिया शुरू की।

इस ऑपरेशन की सफलता में दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग का योगदान महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने सीबीआई में अपने अनुभव का उपयोग करते हुए चंद्राकर की हर गतिविधि पर नज़र रखी और सीआईडी के माध्यम से एक अनूठी अनुरोध प्रक्रिया चलाई। उन्होंने जुलाई 2024 में गृह मंत्रालय को तत्काल अनुरोध भेजा, जिससे प्रोविजनल अरेस्ट और प्रत्यर्पण प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया।



रायपुर 11 अक्टूबर। चामुण्डा मंदिर, जेल रोड में अष्टमी का हवन।

### 50 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर 11 अक्टूबर।** सरकंडा के राजस्व कालोनी में रहने वाले बसंत पांडेय ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उनकी पहचान कतियापारा निवासी कपिल दुबे से थी। इसके बाद कपिल ने अपने पिता हेमंत और परिवार वालों से मुलाकात कराई। जान-पहचान के बाद कपिल और उसके परिवार वालों ने आनलाइन ट्रेडिंग में ज्यादा मुनाफे की बात कही। उनकी बातों में आकर एक करोड़ 38 लाख 72 हजार रुपये निवेश कर दिए। उनके बताए समय के बाद बसंत ने अपने रुपये वापस मांगे तो जालसाजों ने 89 लाख वापस कर दिए। शेष रकम वापस करने वे टालमटोल करने लगे। पीड़ित ने 20 सितंबर 2023 को इसकी शिकायत सरकंडा थाने में की। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया।

### अवकाश सूचना



**विजयादशमी** के अवसर पर तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस व कार्यालय में 12 अक्टूबर 2024 को अवकाश रहेगा। अत: दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ का अगला सांध्य संस्करण 13 अक्टूबर 2024 तथा डाक संस्करण 14 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित होगा।

असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को बधाई।

**व्यवस्थापक**

## संक्षेप

### चलती ट्रेन में छात्र की पिटाई शिक्षक पर अपराध दर्ज

**धमतरी 11 अक्टूबर।** चलती ट्रेन में एक छात्र की पिटाई करने वाले धमतरी डीपीएस स्कूल के शिक्षक श्रीमाली राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है. पीड़ित छात्र के परिजनों ने अर्जुनी थाना में शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है. मामला दर्ज होने के बाद पुलिस जांच शुरू कर दी है. बता दें कि बीते गुरुवार को छात्र की पिटाई का मामला सामने आया था. जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है. वीडियो में शिक्षक बच्चे को गाली देते हुए और मारते हुए दिख रहा है और एक दूसरे छात्र से भी चप्पल से उस बच्चे की पिटाई करवाई. शिक्षक के इस अमानवीय व्यवहार के बाद छात्र के परिजनों ने कुरुद थाने में शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. जानकारी के अनुसार, धमतरी डीपीएस स्कूल के 171 बच्चे और 17 शिक्षक एडवेंचर ट्रेकिंग के लिए नैनीताल गए थे. वहीं से लौटते वक्त यह घटना ट्रेन में घटी. इस घटना को लेकर पीड़ित छात्र के परिजन बेहद नाराज हैं।

### नहर में बहे दोनों बच्चों के मिले शव

**सक्ती 11 अक्टूबर।** बरपाली गांव में बुधवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप वाहन के नहर में गिरने से बड़ा हादसा हो गया था. पिकअप में सवार 20 लोग नहर में गिर गए थे, जिसमें से 17 लोगों को तत्काल जेसीबी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था. वहीं 3 बच्चे लापता हो गए थे, जिनकी काफी खोजबीन की गई और कल एक बच्चे का शव बरामद किया गया. वहीं आज दो दिन बाद दो अन्य लापता बच्चों का शव मिला है. मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप हादसे में लापता जिन दो बच्चों का आज शव मिला है उनकी पहचान ऋषभ महंत (6 वर्ष) और भुरू महंत (8 वर्ष) के रूप में हुई है. एक बच्चे का शव ग्राम बेलचुआ नहर गेट में फंसा मिला, जबकि दूसरे बच्चे का शव ग्राम रगजा के तालाब में बहकर पहुंच गया था. दोनों बच्चों के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### ग्रामीण के बनाए फंदे में फंसा तेंदुआ

**मोहला-मानपुर 11 अक्टूबर।** मोहला-मानपुर के जंगल में आतंक का पर्याय बन चुका तेंदुआ आखिरकार पकड़ में आ ही गया. पालतू जानवरों की सुरक्षा के लिए ग्रामीण द्वारा बाड़ी में लगाए गए फंदे में तेंदुआ फंस गया. सूचना मिलने पर पहुंचे वन अमले ने डॉक्टर की मदद से तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर कब्जे में किया और रायपुर स्थित जंगल सफारी में भेजा दिया. मानपुर ब्लॉक मुख्यालय से 6 किमी दूर बीहड़ों के बीच बसे ग्राम ढब्बा व मेंढ़ा के बीच मौजूद एक ग्रामीण के बाड़ी में लगे फंदे में फंस कर तथा जख्मी होकर एक तेंदुआ वन अमले के हत्थे चढ़ गया. अब धुर नक्सल प्रभावित इलाके के जंगल में खौफ का पर्याय बना उक्त तेंदुआ जंगल सफारी रायपुर दाखिल करा दिया गया है।

## नोएल टाटा बने टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन

■ मुंबई 11 अक्टूबर

नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया है। नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। टाटा ट्रस्ट की शुक्रवार को दो मीटिंग्स हुईं। एक बैठक रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए और दूसरी मीटिंग नए चेयरमैन की नियुक्ति के लिए हुई। बता दें कि रतन टाटा का देहांत बुधवार को देर रात मुंबई में हुआ। उनका अंतिम संस्कार कल यानी गुरुवार को हुआ।



नोएल के अलावा मेहली मिस्त्री का नाम भी टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन के तौर पर चल रहा था। मेहली मिस्त्री को रतन टाटा का करीबी व्यक्ति माना जाता था। वो साल 2000 से ही टाटा ट्रस्ट में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। बता दें, मेहली मिस्त्री फिलहाल टाटा के दोनों प्रमुख ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। उन्हें अक्टूबर 2022 में शामिल किया गया था। नोएल टाटा मौजूदा समय में सर दोराबजी ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। टाटा ट्रस्ट की टाटा संस में कुल होल्डिंग 66 प्रतिशत की है। जबकि टाटा ट्रस्ट में दोराबजी ट्रस्ट और सर रतन टाटा ट्रस्ट की होल्डिंग 51.50 प्रतिशत है।

## पहले पीएम मोदी की तारीफ, अब भारत की नीतियों पर सवाल

**वाशिंगटन 11 अक्टूबर।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने पर पारस्परिक कर लगाने का संकल्प लिया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सभी प्रमुख देशों में से भारत विदेशी उत्पादों पर सबसे अधिक शुल्क लगाता है। ट्रंप गुरुवार को डेट्रायट में प्रमुख आर्थिक नीति पर अपना भाषण दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'शायद अमेरिका को फिर से असाधारण रूप से समृद्ध बनाने की मेरी योजना का सबसे महत्वपूर्ण तत्व पारस्परिकता है। यह एक ऐसा शब्द है जो मेरी योजना में बहुत अहम है क्योंकि हम आम तौर पर शुल्क नहीं लगाते हैं। मैंने वह प्रक्रिया शुरू की थी वैन और छोटे ट्रक आदि के साथ वह बहुत बढ़िया थी।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि हम वास्तव में शुल्क नहीं लगाते हैं। चीन 200 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। ब्राजील बड़ा शुल्क



वसूलता है। हालांकि, इनमें से सबसे अधिक शुल्क भारत लेता है। उन्होंने कहा, 'भारत बहुत अधिक शुल्क लेता है। भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। मेरे भी हैं। खासतौर पर नेता (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी के साथ। वे एक महान नेता हैं। महान व्यक्ति हैं। वास्तव में महान व्यक्ति हैं। उन्होंने बहुत बढ़िया काम किया है, लेकिन वे शायद काफी शुल्क लेते हैं।'

पूर्व राष्ट्रपति की यह टिप्पणी इस सप्ताह की शुरुआत में पीएम मोदी की प्रशंसा के बाद आई है। ट्रंप ने मोदी को सबसे अच्छा इंसान करार देते हुए भारतीय नेता को अपना मित्र बताया था। अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने कहा था कि मोदी के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं। वहीं, ट्रंप ने कहा कि अगर वह दोबारा राष्ट्रपति बने तो इजरायल और अमेरिका के बीच रिश्ते पहले से भी ज्यादा मजबूत होंगे। ट्रंप ने फ्लोरिडा में कार्यक्रम के दौरान कहा, %अगर मैं राष्ट्रपति बनूंगा, तो अमेरिका एक बार फिर पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और एकजुट होगा। उन्होंने कहा कि वह यहूदी देश और अमेरिकी यहूदी समुदायों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मोदी का भेंट किया हुआ चांदी का मुकुट बांग्लादेश के मंदिर से चोरी

**ढाका 11 अक्टूबर।** बांग्लादेश में शेख हसीना को सत्ताबदर करने के बाद कट्टरपंथियों की मदद से मोहम्मद युनूस अंतरिम सरकार के मुखिया तो बन गए हैं। लेकिन बांग्लादेश में सत्ता हस्तांतरण की इस प्रक्रिया के दौरान हिंदुओं के साथ जमकर अत्याचार देखने को मिला। उनकी मकानों, दुकानों और पूजा स्थलों को निशाना बनाए जाने की कई सारी खबरें सामने आईं। जिसको लेकर भारत ने भी चिंता जताई। अब बांग्लादेश से नवरात्रि के पावन अवसर पर ऐसी खबर आई है कि जिसे सुनकर हिंदुओं को आघात लगेगा। पीएम मोदी ने बांग्लादेश को मां काली का जो मुकुट भेंट किया था, वो किसी ने चोरी कर लिया है। भारतीय दूतावास ने 2021 में बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी काली मंदिर में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उपहार में दिए गए मुकुट की चोरी की रिपोर्ट पर गहरी चिंता जताई और बांग्लादेश सरकार पर मामले की जांच करने का दबाव डाला। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, देवी काली का मुकुट गुरुवार दोपहर 2:00 बजे से 2:30 बजे के बीच चोरी हो गया। द डेली स्टार के अनुसार, मंदिर के पुजारी दिलीप मुखर्जी के दिन की पूजा के बाद चले जाने के तुरंत बाद मुकुट चोरी हो गया और एक सफाई कर्मचारी ने पाया कि मूर्ति के सिर से मुकुट गायब है। हिंदू पौराणिक कथाओं में 51 शक्तिपीठों में से एक के रूप में प्रतिष्ठित मंदिर का हिस्सा होने के कारण, मुकुट का गहरा सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है।

मार्च 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने सद्भावना के संकेत के रूप में जेशोरेश्वरी मंदिर में देवी काली को चांदी और सोने से चढ़ा हुआ मुकुट भेंट किया। यह यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि यह बांग्लादेश की स्वतंत्रता की स्वर्ण जयंती और इसके संस्थापक नेता शेख मुजीबुर रहमान की जन्म शताब्दी के समारोह के साथ मेल खाती है। जेशोरेश्वरी काली मंदिर सतखिरा में स्थित है और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है, माना जाता है कि इसका निर्माण 12वीं शताब्दी के अंत में किया गया था। यह हिंदू पौराणिक कथाओं में विभिन्न किंवदंतियों से जुड़ा हुआ है, विशेष रूप से यह उन स्थलों में से एक है जहां कहा जाता है कि देवी सती के अंग गिरे थे।

## साइंस कॉलेज मैदान किनारे बनी चौपाटी को हटाने की तैयारी

■ रायपुर 11 अक्टूबर

राजधानी रायपुर में भारी विवादों के बीच जीई रोड के किनारे साइंस कॉलेज मैदान के करीब 6 करोड़ की लागत से बनाए गए चौपाटी को हटाने की तैयारी है. विधायक राजेश मूणत ने रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की बैठक में इस संबंध में निर्देश दिए हैं. अब यहां पर छात्रों के लिए ओपन रीडिंग और बच्चों के प्ले जोन का निर्माण किया जाएगा.

दरअसल, चौपाटी हटाने 15 अक्टूबर को भाजपा पार्षदों के साथ निगम घेराव की विधायक राजेश मूणत ने चेतावनी दी थी. चेतावनी के बाद अन्य विभिन्न विषयों को लेकर रायपुर स्मार्ट सिटी परामर्शदात्री समिति की शुक्रवार को बैठक हुई, जिसमें बैठक में चौपाटी को हटाकर यूथ हब बनाने का फ़ैसला हुआ.

विधायक राजेश मूणत ने बताया कि तत्कालीन सरकार और नगर निगम ने गलत जानकारी के साथ प्रोजेक्ट को शुरू किया. स्मार्ट सिटी को काम शुरू करने से पहले



ये चेक करना होता है कि ज़मीन उनकी है या नहीं. खुद के ज़मीन पर ही निर्माण और टेंडर किया जाता है. लेकिन ग़लत तरीके से काम किया गया है.

उन्होंने कहा कि रायपुर शहर के बीच में एजुकेशन हब है, विश्वविद्यालय, कॉलेज और लाइब्रेरी है. इनकी सरकार में कह रहे थे यूथ हब बन रहा, लेकिन यूथ हब के नाम पर कोई काम नहीं किया. विधानसभा में मुद्दा उठाया गया था. तथ्यों की जाँच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई का फ़ैसला हुआ है. चौपाटी की जगह अब यूथ एक्टिविटी के लिए प्रस्ताव दिया गया है.

दरअसल, बीते साल की शुरुआत में जीई रोड के किनारे साइंस कॉलेज के मैदान के सटकर रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी कंपनी ने चौपाटी बनाने का प्रस्ताव रखा था, जिसका राजेश मूणत ने विरोध करते हुए करते हुए 11 दिनों तक धरना दिया था. आंदोलन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के अलावा भाजपा के आला नेताओं ने मौजूदगी दर्ज कराते हुए मूणत के आंदोलन का समर्थन किया था.

लेकिन इन सबके बाद भी चौपाटी निर्माण पर रोक नहीं लगने पर मूणत ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. हाई कोर्ट में याचिका खारिज होने के बाद मूणत ने रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी कंपनी पर चौपाटी का निर्माण के संबंध में गलत तथ्य प्रस्तुत करने का आरोप लगाया था।

## राहुल गांधी का चुनाव नहीं जलेबी पर था ध्यान: विज

**चंडीगढ 11 अक्टूबर।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद हरियाणा के मंत्री और बीजेपी विधायक अनिल विज ने दावा किया कि राहुल गांधी की दिलचस्पी सिर्फ जलेबी में है, चुनाव में नहीं। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि उसे अपना चुनाव चिह्न पांजा से बदलकर जलेबी कर लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम उनकी हकीकत जानते हैं और इसलिए हम पहले दिन से कह रहे थे कि बीजेपी जीतेगी। हरियाणा में अपने चुनाव अभियान के दौरान जलेबियों के बारे में राहुल गांधी की एक टिप्पणी ने भाजपा को उन पर निशाना साधने के लिए ताजा हथियार मुहैया करा दिया है।

भाजपा ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी को संबोधित 1 किलो जलेबी भेजी। बीजेपी हरियाणा के आधिकारिक एक्स अकाउंट से किए गए एक ट्वीट में कहा गया, भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के सभी कार्यकर्ताओं की ओर से राहुल गांधी के घर जलेबी भेजी गई है। हरियाणा चुनावों की अगुवाई में,



गांधी ने 3 अक्टूबर को गोहाना में एक चुनावी रैली को संबोधित किया, जहां उन्होंने प्रसिद्ध जलेबी निर्माता मातु राम हलवाई का एक बॉक्स दिखाया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन जलेबियों को देशभर में बेचा जाना चाहिए और यहां तक कि सुझाव दिया कि रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने के लिए इन्हें निर्यात किया जाना चाहिए। अपने भाषण के दौरान उन्होंने केंद्र और बीजेपी की व्यापारिक नीतियों को लेकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैंने कार में जलेबी का स्वाद चखा और अपनी बहन प्रियंका को संदेश भेजा कि आज मैंने अपने जीवन की सबसे अच्छी जलेबी खाई है। मैं आपके लिए जलेबी का एक डिब्बा भी ला रहा हूं। इसमें हरियाणा के एक व्यक्ति का खून और पसीना शामिल है; वह वर्षों से यह काम कर रहे हैं।

## साइबर सुरक्षा व जल संरक्षण के उपायों को लेकर जागरूकता जरूरी: जस्टिस मिश्रा

■ रायगढ़ 11 अक्टूबर

साइबर जागरूकता एवं जल संरक्षण को लेकर नगर निगम ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया. सुप्रीम कोर्ट जस्टिस प्रशांत मिश्रा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे. वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यशाला में साइबर जागरूकता एवं जल संरक्षण पर प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई. यह कार्यशाला जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई. इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ जितेन्द्र कुमार जैन, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, जिला न्यायालय से सभी न्यायाधीश, जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे.

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि साइबर जागरूकता एवं




जल संरक्षण यह दो ऐसे विषय है जो आज के समय में हम सभी के जीवन से सीधे तौर से जुड़े हुए है. साइबर अपराधों से बचाव के लिए इसके बारे में जागरूक होना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है. आज टेक्नालॉजी तेजी से विकसित हो रही है. ऐसे में स्वयं को अपडेट रखना और साइबर अपराधों से जुड़ी जानकारी व उससे बचाव के तरीकों को अमल में लाकर ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है. उन्होंने अपने आसपास के वाकये बताते हुए कहा कि साइबर ठग लोगों को ज्यूडशरी से जुड़े लोगों के नाम पर भी ठगने का प्रयास करते है. ऐसे मामलों में सतर्कता व सुझबुझ से काम लेना जरूरी है. उन्होंने जल संरक्षण को लेकर कहा कि यह ऐसा मामला है जिसमें हर नागरिक की सहभागिता जरूरी है. जागरूकता के साथ ही जल संरक्षण के उपायों को अमल में लाकर ही हम अपने आसपास एक बेहतर वातावरण निर्मित कर सकते है. इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ काम करने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए एक अच्छा प्रयास किया जा रहा है. अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ लेकर अपने आसपास दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए.

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि साइबर अपराधों का दायरा जिस तेजी से बढ़ा है, लोगों के बीच सतर्कता का स्तर उसी अनुरूप बढ़ाना आवश्यक है. आज के डिजीटल युग में अगर समझदारी से काम न लिया जाए तो एक क्लिक में आदमी अपनी सारी जमा पूंजी गंवा सकता है. उन्होंने बताया कि चोरी जैसे अपराधों के मुकाबले अब साइबर ठगी से लोगों को कही ज्यादा आर्थिक नुकसान हो रहा है. शासन-प्रशासन अपने स्तर पर ऐसे अपराधों पर लगाम लगाने व अपराधियों को सजा दिलाने के लिए कार्य कर रही है. लेकिन एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सभी को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है. साइबर अपराधों के तरीके व इसके पीछे काम करने वाले मनोभावों की समझ बढ़ाकर तथा उससे बचाव के तरीकों के बारे में स्वयं तथा अपने परिवार वालों को जागरूक कर साइबर अपराधों से बचा जा सकता है. उन्होंने जिला प्रशासन के जल संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि रायगढ़ में भू-जल व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह महत्वपूर्ण कार्य है. उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर नवा रायपुर में पीपल फॉर पीपुल अभियान चलाकर व्यापक रूप से पीपल के पेड़ लगाने का काम किया जा रहा है. रायगढ़ जिले में भी व्यापक स्तर पर यह कार्य हुआ है. केलो बांध का पानी नहरों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य हो रहा है. उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में प्रकृति पूजन का अहम स्थान रहा है. इसको दृष्टिगत रखते हुए हम सभी को जल संरक्षण की दिशा में साथ मिलकर कार्य करना होगा. उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से शासन स्तर पर फ्लाईएश व ईएसपी मैनेजमेंट की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है.

# एक नजर

## युवती पर कटर से हमला



**भिलाई, 11 अक्टूबर।** भिलाई चोरी करने के बाद तीन महीने से फरार रहने के कारण संबंध खत्म होने से नाराज बदमाश ने अपनी गर्लफ्रेंड पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया आरोपित पीड़िता का मोबाइल भी लूटकर फरार हो गया था पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया छावनी पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया है। मिलन चौक कैंप-2 निवासी आरोपित प्रीतम (24 साल ) ने एक 15 वर्षीय किशोरी के घर में घुसकर उस पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया आरोपित छत के रास्ते से पीड़िता के घर में घुसा था जांच में पता चला कि आरोपित प्रीतम तीन महीने पहले एक घर में चोरी की थी और उसके बाद वो भागकर आजमगढ़ चला गया था चोरी करने और उसके बाद यहां से भागने के बाद पीड़िता नें उससे संबंध खत्म कर लिया था और उससे बातचीत बंद कर दी थी। इससे आरोपित वापस भिलाई लौटा और पीड़िता के घर में चला गया उसने बात बंद किए जाने की बात को लेकर पीड़िता से काफी विवाद किया और अपने पास से कटर निकालकर उस पर 10 से 12 बार वार कर दिया पीड़िता ने खुद को बचाने का प्रयास किया तो उसके दोनों हाथ में गंभीर चोट लगी है। इसके बाद आरोपित उसका मोबाइल लेकर भाग निकला। भागते समय उसके सिर में भी चोट लगी

## लोगों को डरा रहा था,गिरफ्तार



**भिलाई, 11 अक्टूबर।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र कटर लहराकर लोगों को धमकाने वाले एक आदतन बदमाश को खुर्सीपार पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस आरोपी के कब्जे से धारदार कटर जब्त किया है खुर्सीपार टीआई अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि भिलाई इस्पात विकास विद्यालय की गेट के पास एक दुबला पतला युवक स्टील कलर का धारदार कटर को हाथ में पकड़कर लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा रहा है पुलिस उसे घेराबंदी कर पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम मिथिलेश पाठक (42 साल ) जोन 02 खुर्सीपार का रहना बताया तलाशी लेने पर उसके पैंट की कमर के पीछे छिपाकर रखा स्टील का कटर जब्त किया है ।

## बकायादारों के खिलाफ सूरजपुर में बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप



**भिलाई, 11 अक्टूबर।** बकायादारों के खिलाफ सूरजपुर कलेक्टर के आदेश के बाद जिले की अभी तक की सबसे बड़ी कार्रवाई पूरी करते हुए परिसर को सील कर दिया गया। कार्यवाही में तहसीलदार, एसडीओपी, थाना इंचार्ज और 40 से अधिक पुलिस बल मौजूद थे। पूरी कार्रवाई में रिकवरी एंड एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट के सूर्यकान्त यादव सूर्या और तहसीलदार के नेतृत्व में योजनाबद्ध तरीके से की गई कार्यवाही के दौरान हड़कंप मच गया था। माहौल देखकर लग रहा था कि लगभग पूरे थाने व जिले की पुलिस फोर्स मौजूद है । 5 घंटे की विस्तृत कार्रवाई के बाद पूरे परिसर को सील कर दिया गया। कार्रवाई इतनी बड़ी थी कि इस दौरान खुद एसडीओपी मैडम को आना पड़ा गया। लगभग 10 परिवार को बेदखल करने की कार्रवाई की गई। पूरी कार्यवाही में एक व्यक्ति को जो शराब पीकर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचा रहा था, उसे थाने में बैठा दिया गया था।

## महिलाओं के गले से चेन पार

**भिलाई, 11 अक्टूबर।** भिलाई नवरात्र पर देवी दर्शन के लिए चंडी मंदिर गई दो महिलाओं के गले से किसी ने सोने की चेन पार कर दिया मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में एक महिला दोनों बुजुर्ग महिलाओं के गले से सोने की चेन चुराती हुई नजर आई है पुलिस ने आरोपित महिला की पतासाजी शुरू की है।

# डिप्टी सीएम ने सड़क उन्नयन कार्य का किया भूमिपूजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,11 अक्टूबर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वनांचल क्षेत्र के निवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए आज चिल्फी रेंगाखार, साल्हेवारा मुख्य जिला मार्ग सड़क का नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहली बजट में इस सड़क के लिए 9 करोड़ 65 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। चिल्फी रेंगाखार, साल्हेवारा मुख्य जिला मार्ग सड़क का नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य होने से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी। इसके निर्माण से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो रही है, और इससे क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होने की संभावना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चिल्फी रेंगाखार, साल्हेवारा मुख्य जिला मार्ग सड़क के नवीनीकरण और उन्नयन कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि रोड़ के उन्नयन कार्य से वनांचल क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा इस सड़क का उन्नयन क्षेत्र के निवासियों के लिए न केवल यात्रा को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इसे प्राथमिकता के साथ पूरा करने का संकल्प लिया है। उपमुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस सड़क के निर्माण से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साय सरकार लगातार विकास कार्यो को प्राथमिकता दे रही है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## देवबलोदा में महादेव मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन

**भिलाई, 11 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के पास देवबलोदा गांव में स्थित छत्तीसगढ़ के पुरातात्विक धरोहर महादेव मंदिर स्थल के जीर्णोद्धार, विकास और इसके उन्नयन कार्य हेतु, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर पहल के तहत 10 अक्टूबर को भूमिपूजन किया गया। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सेंट्रल रीज़न (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. भुवन विक्रम, पुरातत्वविद् अधीक्षक (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) डॉ. एन के स्वाई और एनसीएफ की वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. मोनिका चौधरी के साथ भूमिपूजन किया।

# नशामुक्ति अभियान बैनर पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर होना चाहिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,11 अक्टूबर।** खासकर देखा जा रहा है की अधिकतर पोहा , समोसा , पूरी कचोड़ी , भजिया , चाय बेचने वाले फुटपाथ , बस स्टेंड , भोजली तालाब , सार्वजनिक स्थानों पर छोटे छोटे चाय टपरी ठेला में युवा पीढ़ी सिगरेट पीते हुए गुटखा खाते हुए दिखते है जो की बहुत चिंतनीय विषय है । पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा की नशा मुक्त अभियान का प्रचार प्रसार शासन स्तर पर हो रहा है है लेकिन सभी समाज को नशा मुक्त जागरूकता के लिए आगे आना चाहिए और जन जागरण की आवश्यकता है । जिला सतनाम समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष अगम दास अनंत ने तरुण छत्तीसगढ़ के नशा जैसी कुरुतियो के सवाल पर उन्होंने कहा की नशा नाश की जड़ है जब इंसान पर नशा प्रवेश कर लेता है तब शरीर कमजोर होता ही है साथ मे अनायास कई घटनाओं को जन्म देती है और शासन स्तर पर स्वच्छता अभियान की नशा मुक्त अभियान का भी विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए । सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी लाला राम चंद्रवंशी ने शराब बंदी के सवाल पर कहा की शत प्रतिशत शराब बिक्री बंद होना चाहिए क्योंकि शराब पीने से बहुत सारी बीमारी होती है । जिला पंचायत रामकृष्ण साहू ने कहा की सिगरेट पीने से गुटखा खाने से और शराब पीने से कैंसर होता है और युवाओं और परिवार के भविष्य को बर्बाद करती है और विनम्र अपील है की नशा से दूर रहे । भोरमदेव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी ने कहा की नशा मुक्ति अभियान के प्रचार प्रसार में ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि नशा से अपराध भी बढ़ते है अब समय आ गया है सभी नगर पंचायत आफिस , सभी ग्राम पंचायत कार्यालय , जनपद कार्यालय , सभी बस स्टॉप और बस स्टेंड , भोजली तालाब , स्कूल कालेज और चौक चौराहों में



नशा से कुप्रभाव वाले बैनर पोस्टर लगना चाहिए जिससे की युवा नशे से दूर हो । समाज कल्याण विभाग अधिकारी अभिलाषा पांडा ने भी कहा की जल्द लगेगा बैनर पोस्टर और स्कूलों , कालेज में नशा मुक्त अभियान का प्रचार प्रसार जारी है

# नवरात्रि में सोना खरीदने बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़



कवर्धा। पितृ पक्ष में कैलाश ज्वेलर्स पोड़ी में ग्राहक नही दिख रहे थे लेकिन नवरात्र में महिला ग्राहकों की भारी भीड़ से संचालक कैलाश शर्मा खुश दिखे और कैलाश ने कहा की गुणवत्ता युक्त सोना और चांदी ग्राहकों को दी जाती है जिस पर विशेष ध्यान रखते है ।

## खुश



**कवर्धा। नारियल , अगरबत्ती बिक्री से व्यापारी खुश**

## ब्लास्ट फर्नेस-6 एक्सटेंसिव कैपिटल रिपेयर के बाद पुनः स्टोव हीटिंग प्रारंभ




**भिलाई, 11 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण कार्यक्रम की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए, ब्लास्ट फर्नेस- 6 के स्टोव 18 व 20 की हीटिंग का कार्य, एक्सटेंसिव कैपिटल रिपेयर के बाद 10 अक्टूबर को पूरा कर लिया गया है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार और ब्लास्ट फर्नेस, आरईडी, पीएलईएम सहित विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति में स्टोव 18 और 20 के पुनः प्रज्ज्वलन के साथ ही स्टोव हीटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिससे इसके फर्नेस उत्पादन में शामिल होने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है।



**कवर्धा।** सुबह-सुबह मां महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता

# निगम भिलाई क्षेत्र में शिविर लगाकर बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड



**भिलाई, 11 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर भिलाई शहर के सभी 70 वार्डो में अलग-अलग दिन एवं स्थान पर शिविर लगाया जायेगा। जिससे शिविर स्थल के आस-पास निवास करने वाले नागरिकों को इसका लाभ मिल सके। नागरिक शिविर स्थल पर जाकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। निगम आयुक्त हितेश पिस्दा ने आयुष्मान कार्ड के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी आदेश भी जारी किये हैं। इसके लिए जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर में अजय सिंह राजपूत, जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर में सुश्री येशा लहरे, जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर में बी.के.वर्मा, जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार में सतीश यादव, जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिनको शिविर के लिए बैठक व्यवस्था बनवाना एवं प्रतिदिन की मॉनिटरिंग का दायित्व सौंपा गया है। स्वास्थ्य अधिकारी वार्डो में शिविर लगने से पहले मुनादी व प्रचार-प्रसार कराएंगे। मिशन मैनेजर तालमेल के साथ कार्य करवाएगे एवं प्रत्येक दिन 5 बजे पंजीयन की जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

इन जगहों पर लगेगा शिविर - 14 एवं 15 अक्टूबर को वार्ड 03 मॉडल टाउन पंचमुख गार्डन सांस्कृतिक मंच, वार्ड 16 सुपेला बाजार सामुदायिक भवन दुबे पश आहार व शिव मंदिर शंकर पारा, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम सुन्दर नगर युगनिर्माण स्कूल के पास पार्षद कार्यालय, वार्ड 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी मंगल बाजार प्रागंण में, वार्ड 59 सेक्टर 05 पूर्व सड़क 10-11 गणेश मंच में। 16 एवं 17 अक्टूबर को वार्ड 04 नेहरू नगर सियान सदन, वार्ड 19 राजीव नगर हनुमान मंदिर शकुंतला विद्यालय रामनगर, वार्ड 33 संतोषी पारा केम्प-02 गौरवपथ नाले के पास व काली मंदिर विवेकानंद के पास, वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी तिरंगा चैंक स्कूल प्रांगण में, वार्ड 60 सेक्टर 05 पश्चिम डोम शेड संत विजय ओडिटोरियत। 18 एवं 21 अक्टूबर को वार्ड 05 कोसानगर राधाकृष्ण मंदिर व सामुदायिक भवन उप स्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 20 वैशालीनगर ईडब्ल्यूएस ई-79 पार्षद कार्यालय के पास, वार्ड 34 वीर शिवाजी वार्ड पार्षद कार्यालय मिलन चौक, वार्ड 42 गौतम नगर पोस्ट ऑफिस ग्राउण्ड में, वार्ड 61 सेक्टर 06 पूर्व एचएससीएच कालोनी डोम शेड में व सी मार्केट शेड मंच के पास।



**भिलाई, 11 अक्टूबर।** दुर्गाष्टमी एवं नवमी के दिन कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन जगह-जगह किया गया।

## ज्योति एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए तालाबों की सफाई की गई



भिलाई, 11 अक्टूबर। नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में विभिन्न मंदिर क्षेत्र में एवं अन्य जगहों पर जवारा भी रखा जाता है। जवारा विसर्जन के लिए तालाबों की साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने का आदेश आयुक्त हितेश पिस्ता ने दिए हैं।

जिससे भक्तजन श्रद्धा पूर्वक ज्योति विसर्जन कर सकें। जिन तालाबों पर दुर्गा प्रतिमा प्रतिमाएं विसर्जित की जाती हैं वहां पर भी साफ सफाई एवं लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए सभी जोन की कमिश्नर एवं जोन के स्वास्थ्य अधिकारी इसकी मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल ने सभी भक्तजनों से अपील की है कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जवारा विसर्जन, दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करें। रावण दहन स्थल पर भी पूरी व्यवस्था की जा रही हैं. नगर निगम भिलाई द्वारा सभी तालाबों पर साफ सफाई सुरक्षा एवं रोशनी की व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा की दृष्टि से वहां पर सुपरवाइजर नियुक्त रहेंगे। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के उन तालाब जहां पर पूर्व में जावरा या दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन होता था। वहीं पर स्थल बनाया गया है। सभी भक्ता वहां श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विसर्जन कर सकते हैं।

# शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति की बैठक में चर्चा पर योजना बनाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 11 अक्टूबर।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय पाटन में जनभागीदारी प्रबंधन समिति का प्रथम बैठक अध्यक्ष योगेश निक्की भाले एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। बैठक का संचालन डॉ. बी.एम. साहू ने करते हुए महाविद्यालय के गतिविधियों व कार्यो की जानकारी दी। बैठक में महाविद्यालय में वर्षभर होने वाले गतिविधियों व खर्चो पर विस्तृत चर्चा कर योजना बनाई गई है। बैठक को अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय के विकास, प्रगति व उन्नति ही हमारी पहली प्राथमिकता है। जब महाविद्यालय का छात्र-छात्राएं आगे बढ़ेगा तब हमारा क्षेत्र, समाज व प्रदेश आगे बढ़ेगा। क्योंकि आज का विद्यार्थी ही कल के बेहतर छत्तीसगढ़ व भारत का निर्माण करेगा। प्रभारी प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव जी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए सबसे पहले सभी सदस्यों का महाविद्यालय परिवार की ओर स्वागत किया। बैठक में प्रमुख रुप से प्रबंधन समिति के सदस्य रामूराम चक्रधर,डॉ. सुरेश साहू,राधे यादव,शत्रुहन देवांगन,प्रवीण मढ़रिया,सागर सोनी,आदित्य पाण्डेय, केवल देवांगन,नोहर साहू,समीर बंछोर,विष्णु रिगरी,कृष्णा हरिवंश,सुनील ध्रुव,सुनील वर्मा,जिलेश्वरी साहू,सुनीता धीवर,नारायण पटेल सहित महाविद्यालय के अध्यापक उपस्थित थे।

# नवरात्रि पर नौ कन्या को भोजन कराने से माता रानी का आशीर्वाद मिलता है: खेमिन



**उतई,11 अक्टूबर।** ग्राम सेलूद के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में सुपोषण चौपाल, नव कन्या पूजन मनाया गया द्य सरपंच खेमिन साहू ने सबको बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि शक्ति के पावन पर्व पर नव शक्ति के स्वरूप नव कन्या भोजन कराया गया द्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेमिन साहू ने कहा कि मां दुर्गा सभी के जीवन मे शुख शांति समृद्धि प्रदान करे द्य बच्चे कुपोषित न हो इसके लिए संस्था के साथ साथ पालकों की भी महती जिम्मेवारी है द्य कार्यकर्ता सहायिका बहने बच्चों का देखभाल बहुत सुंदर तरीके से करती है द्य बच्चे कुपोषित न हो इसके लिए शासन की विभिन्न योजना का लाभ बच्चों को मिल रहा है द्य सुपोषण चौपाल में गाव सेलूद सरपंच श्रीमती खेमिन साहू, पंच त्रिवेणी कश्यप, आगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रेमलता बंजारे, गायत्री बन्छोर, कुंजना धृतलहरे, सहायिका यामिनी जांगड़े, मितानिन सुनीता कुर्रे के द्वारा श्रीमति नेमिन यादव का गोदभराई और हर्षिता निर्मलकर का अन्नाप्रशान किया गया द्य उक्त अवसर पर चुमेश्वरी, लीला , अर्चना निर्मलकर, पूजा कुर्रे, सोनम यादव ग्रामीण इत्यादि उपस्थित रहे ।

# प्रधानमंत्री आवास योजना सपनों को साकार करने वाली योजना:अरुण साव

## हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र और घर की चाबी सौंपी,त्यौहारों पर खुशियां हुई दोगुनी

**रायपुर 11 अक्टूबर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज बिलासपुर के स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आवास मेला में शामिल हुए। उन्होंने जिले के 36 हजार 663 आवासहीन ग्रामीण परिवारों को आवास का स्वीकृति पत्र देकर खुशियों की गारंटी दी। उन्होंने ऐसे हितग्राही जिनके आवास पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें प्रतीकात्मक रूप से घर की चाबी भी भेंट की। आज बिलासपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के चेहरों की चमक देखते ही बन रही थी। त्यौहारों के मौसम में उनकी खुशियां दोगुनी हो गईं। विधायक श्री धर्मजीत सिंह भी आवास मेला में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने मुख्य अतिथि के रूप में आवास मेला को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका स्वयं का मकान हो। प्रधानमंत्री आवास योजना लोगों के सपनों को साकार करने वाली योजना है। हर गरीब के सपने को सरकार ने अपना सपना बना लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय गरीबों के आवास का सपना पूरा करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवास योजना के तहत इस वर्ष बिलासपुर जिले में 33 हजार 019 हितग्राहियों के लिए 132 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि स्वीकृत की गई है। राज्य सरकार द्वारा 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास की सौगात दी जा रही है।उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लगातार लोगों की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। गांव, गरीब और किसान



सरकार की प्राथमिकता में है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 13 दिसम्बर को शपथ ली और 14 दिसम्बर को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के कार्यो की स्वीकृति दी। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिन 25 दिसम्बर को 12 लाख किसानों के खातों में 3716 करोड़ रुपए की बोनस की बकाया राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार गांवों, गरीबों और किसानों की तरक्की के लिए प्रतिबद्ध है। श्री साव ने आवास योजना में बेहतर काम करने वाले कर्मचारियों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया।

विधायक श्री धर्मजीत सिंह ने आवास मेला में अपने संबोधन में कहा कि दस साल पहले श्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उन्होंने लोगों के सपनों को पूरा करने की दिशा में काम किया। अपना घर अपना होता है, और जब किसी को पक्का घर मिलता है तो उसकी जिंदगी का एक मकसद पूरा होता है। पूरे देश में लोगों के इस मकसद को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं। बिलासपुर जिला पंचायत के सीईओ श्री आर.पी. चौहान ने कार्यक्रम में बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले में 50 हजार 619 आवासों की स्वीकृति का लक्ष्य है। इनमें से अब तक 36 हजार 643 आवास स्वीकृत कर 33 हजार 019 आवासों के लिए प्रथम किस्त की राशि जारी की जा चुकी है। पूर्व में स्वीकृत आवासों में 93 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। कलेक्टर श्री अवनीश शरण और नगर निगम के कमिश्नर श्री अमित कुमार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और आवास योजना के हितग्राही बड़ी संख्या में आवास मेला में मौजूद थे। आवास मेला में आवास स्वीकृति पत्र और नए घर की चाबी मिलने से हितग्राहियों के चेहरे खिल उठे। कुछ हितग्राहियों ने अपनी खुशियां मंच से साझा भी कीं। महमंद के श्री वेदलाल बघेल ने बताया कि वे पहले मिट्टी के घर में रहते थे। बारिश के दिनों में बहुत दिक्कत होती थी। अब कच्चे घर की परेशानियों से छुटकारा मिल गया है। कोटा विकासखंड के करका निवासी श्रीमती प्रमिला बैगा ने बताया कि पक्का घर मिलने से बहुत सी समस्याओं से निजात मिल गई है। पक्के घर में रहने से समय और श्रम बचता है। साथ ही वह ज्यादा सुरक्षित भी महसूस करती है। उसने बताया कि वह 'बिहान' योजना से भी जुड़ी हुई है। सरकार की योजनाओं से उसकी जिंदगी बदल गई है। उसने संवेदनशील पहल के लिए सरकार का आभार जताया।

# एक नजर

## भाजपाई झूठी वाहवाही न लूटें जो कहा है उसे पूरा करें:रवि शुक्ला

**डोंगरगांव 11 अक्टूबर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रवि शुक्ला ने विज्ञप्ति जारी कर



राजनांदगांव चौकी मोहला मानपुर सड़क घोषणा पर प्रश्नचिन्ह लगाया है।सोशल मीडिया से जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रवक्ता का कहना है कि 290 करोड़ रुपए की राशि में 96 द्मद्व राजनांदगांव से मोहला मानपुर तक फोरलेन सड़क का सपना सच नही हो सकता जनता फोरलेन की बात सोच रही जबकि 96 द्मद्व के सड़क चौड़ीकरण के लिए पैसा आया है।शुक्ला का कहना है कि यदि फोरलेन बनता तो ट्रैफिक लोड के अनुसार अर्थवर्क स्ट्रेंथ पर वर्क डिजाइन होकर सड़क बनती ,पार्थ वे,बस बे, पाइप-बॉक्स कल्वर्ट,सर्विस रोड सहित अन्य सुविधाएं आवश्यक रूप से मिलती जिसका कॉस्ट अधिक होता किंतु 290 करोड़ में ये संभव नहीं और सबसे बड़ा वही प्रश्न मुआवजा जिसका कोई जिक्र नहीं।एक बार फिर भाजपाई सांसद और मंत्रियों ने क्षेत्र की जनता को एक्सप्रेसवे का सपना दिखाकर फोर लेन की बात कहकर सड़क चौड़ीकरण से वाह व्हाई लूट रही।

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने मनाया विनोद खांडेकर का जन्मदिन!



**डोंगरगढ़ 11 अक्टूबर।** नगर के नाग मंदीर स्थित प्रांगण में डोंगरगढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओ ने पूर्व विधायक विनोद खांडेकर का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया! वहीं डोंगरगढ़ के अलग अलग स्थानों पर कार्यकर्ताओ ने फटाका फोड़ केक काट कर श्री खांडेकर जी को बधाई दी गई! इस अवसर पर सासंद प्रतिनिधि परविंदर मोंटी भाटिया, विजेंद्र ठाकुर,संतोष राव,मधुसूदन अग्रवाल,जसमीत बन्नो आना,प्रिंस कक्कड़,अखिलेश गढ़वाल,मीना यादव,गीता मानिकपुरी,पूजा उज्जवने,निर्मला साहू,रामकुमार डडसेना,गुरविंदर भाटिया,भागवत नामदेव,मयंक डोंगरे,कन्हैया वर्मा,शुभम परिहार,सुनीता बघेल,रानी समुन्द्रे सहित भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित रहे!

## भाजपा के कार्यकर्ता घूम-घूम कर शिविर लगाकर बना रहे हैं सदस्य



**डोंगरगढ़ 11 अक्टूबर।** नया बस स्टैंड साई मंदिर के सामने स्टाल लगाकर कार्यकर्ता बना रहे हैं सदस्य इस अवसर पर डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक खांडेकर जी के जन्मदिन को भी स्टॉल में मनाया साथ साथ सदस्यता अभियान को भी लगातार जारी रखा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश पटेल जी के मार्गदर्शन में लगातार पूरे राजनांदगांव जिले में सदस्यता अभियान कार्यकर्ताओं के द्वारा चलाए जा रहे हैं इसी क्रम में डोंगरगढ़ शहर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्टॉल लगाकर नवरात्रि के दौरान डोंगरगढ़ पहुंच रहे दर्शनार्थीयो के साथ-साथ नगर के लोगों को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता दिलाने में लगे हैं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं के रेफरल लिंक से भी बना रहे हैं सांसद संतोष पाण्डेय जी के रेफरल लिंक के साथ साथ डॉ रमन सिंह , विजय शर्मा , मधुसूदन यादव एवं अभिषेक सिंह के साथ-साथ अन्य वरिष्ठों के रेफरल लिंक से भी सदस्य बनाए जा रहे हैं इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी डोंगरगढ़ शहर महामंत्री संतोष राव डोंगरगढ़ विधानसभा मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह ठाकुर, मधुसूदन अग्रवाल पूर्व यूवा मोर्चा अध्यक्ष प्रिंस कक्कड़ डोंगरगढ़ शहर जसमीत सिंह , मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, गीता मानिकपुरी, भागवत नामदेव, अखिलेश गढ़वाल, कन्हैया वर्मा, निर्मला साहू शुभम परिहार,पूजा उज्वने,रूपेंद्र इंदुलकर,रामकुमार डडसेना, सुशीला साहू,रिया साहू, गुरविंदर सिंह भाटिया, मयंक डोंगरे, सुनीता बघेल, रानी समुंद्र,सहित बहुत से कार्यकर्ता सदस्यता बनाने के कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## गरीबों को 2028 तक मुफ़्त अनाज मिलेगा:संतोष पांडेय

**राजनांदगांव 11 अक्टूबर।** केंद्र सरकार ने ग़रीबों को मुफ़्त अनाज वितरण की योजना को चार साल और बढ़ा दिया है। यानी ग़रीबों को 2028 तक



मुफ़्त अनाज मिलता रहेगा। इसको लेकर राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को मुफ्त अनाज वितरण को 4 साल तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी। जिसके चलते अब केंद्र सरकार देश की गरीब जनता को 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज देगी। दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को कैबिनेट में मंजूरी दे दी है। बैठक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की आपूर्ति को दिसंबर 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।मोदी सरकार ने इसके अलावा और कई योजनाओं को हरी झंडी दी।उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने गरीब कल्याण अन्न योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत मिड डे मील, मुफ्त राशन, योजना, पीएम पोषण योजना, आईसीडीएस, आकांक्षी की सभी योजनाओं के तहत फोर्टिफाइड चावल की आपूर्ति को जुलाई, 2024 से दिसंबर, 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। योजना के लिए केंद्र ने 17,082 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

# किशोर साहू की हत्या के आरोपी को घर से पुलिस चौकी बिरेझर एवं सायबर टीम ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरुद 11 अक्टूबर।** मृतक किशोर साहू का दोनो हाथ पीछे से एवं दोनो पैर बंधा हुआ होना पाया गया मृतक की शव का पीएम कराया गया,डॉक्टर द्वारा शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं उपलब्ध परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर हत्या प्रतीत होने से चौकी प्रभारी बिरेझर द्वारा मृतक किशोर साहू को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर साक्ष्य छुपाने की उद्देश्य से नहर पानी में फेक देना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी की पता तलाश किया जा रहा था,इस दौरान मृतक के परिजन एवं मृतक के साथ दारू भट्टी गये दोस्त को कड़ाई से पुछताछ कर कथन लिया गया जिस पर बताये कि ग्राम गागरा निवासी मुकेश साहू के साथ अंतिम बार देखना बताने पर मुकेश साहू के घर ग्राम गागरा जाकर पता किया जो मुकेश साहू घर पर उपस्थित मिलने पर अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया की भास्कर सार्वा एवं सूरज का दोस्त तीनों शराब लेने भट्ठी चले गये।

किशोर को अधिक शराब के नशे होने पर मुकेश वहीं रूका रहा अंधेरा होने से किशोर को उसी के मो0सा0 में बैठाकर मो0सा0 को चलाते हुए गागरा की ओर जाने के लिए निकला तो किशोर नशा अधिक होने के कारण गाड़ी से नीचे गिर गया किशोर के नया मो0सा0 और नया मोबाईल को देखकर,मोबाईल एवं मो0सा0 मेरा हो जायेगा कहकर मैं किशोर साहू को मो0सा0 में पीछे बैठाकर दोनो होथो को अपने कमर के पीछे से मो0सा0 के टंकी में रखकर हाथो को पैरो से दबाकर मो0सा0 को चलाते हुए मेन रोड से ग्राम छाती होते हुए ग्राम डांडेसरा गया डांडेसरा से नहर के उपर जाकर मो0सा0 को खडा कर नहर किनारे पैरावट में ढके काला कपड़े को निकालकर मो0सा0 में पुनः किशोर साहू बैठाकर नहर किनारे राजू ढाबा के पीछे ले जाकर कपड़े को फाड़कर किशोर के दोनो हाथों को पीछे से व दोनों पैरो को बांधकर नहर पानी में डुबाकर हत्या कर देना और शव को छुपाने के लिए नहर के पानी बहा देना और किशोर साहू के ओप्पो मोबाईल में लगे सीम को निकालकर नहर पानी में फेंक देना तथा मो0सा0 के नंबर प्लेट,आईना को निकालकर नहर में फेंक देना तथा उक्त मोबाईल को ग्राम छाती में बेचना रकम को खाने पीने में खर्च करना तथा मो0सा0 को अपने घर में छुपाकर रखना बताने पर ग्राम गागरा से आरोपी के निशादेही पर मो0सा0 एवं मोबाईल को बरामद कर जप्ती किया गया है।

बाद में आरोपी को हिरासत में लेकर थाना कुरूद लाया। प्रकरण में कथन गवाहों एवं घटना स्थल निरीक्षण एवं परिस्थिति जन्य साक्ष्य के आधार पर आरोपी मुकेश साहू पिता कुशाल राम साहू उम्र 27 वर्ष ग्राम गागरा थाना अर्जुनी जिला धमतरी का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाये जाने से चौकी बिरेझर में अप0क्र0 416/24 धारा 103(1)238 बी0एन0एस0 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में सायबर प्रभारी निरीक्षक सन्नी दुबे, प्र.आर.देवेंद राजपूत, लोकेश नेताम आर. मुकेश मिश्रा,दीपक साहू, मनोज साहू,गोपाल चंद्राकार, किशोर देशमुख एवं चौकी प्रभारी बिरेझर उनि.चन्द्रकांत साहू, सउनि.दक्ष साहू,प्रआर.दारा सिंह चंद्राकर,सोहन ध्रुव,आर.जितेन्द्र चंद्राकर,कमलेश विश्वकर्मा, विमल पटेल का योगदान रहा।

# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिये कुंड की सफाई कर पानी भरा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 अक्टूबर।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने नवरात्रि पर्व में दुर्गा विसर्जन के लिये मूलभूत दायित्वों का निर्वाहन हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। विसर्जन हेतु मोहारा नदी के पास स्थित विसर्जन कुण्ड का आज उपायुक्त श्री मोबिन अली एवं कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने निरीक्षण कर ड्यूटी में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

दुर्गा विसर्जन के लिये कल से दो दिन अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौपा गया है। विर्सजन कुण्ड की सफाई कर पानी भरने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही सूचारू विसर्जन के लिये पण्डाल लगाया जा रहा है, इसके अलावा मूर्तियों के लिये क्रेन की व्यवस्था की जा रही है तथा विसर्जन कुण्ड के आस पास एवं शहर के सडकों की विद्युत व्यवस्था दुरूस्त की गयी है। सडको के गड्ढो में पेचवर्क किया जा रहा है।



उपायुक्त श्री अली एवं कार्यपालन अभियंता श्री रामटेके ने निरीक्षण के दौरान शहर में समुचित साफ सफाई के निर्देश दिये है, उन्होंने कहा है कि शहर के प्रमुख तालाबों जहॉ जंवारा विसर्जन किया जायेगा वहा साफ सफाई करने के निर्देश दिये है, साथ ही शासन के निर्देशानुसार तालाबों में मूर्ति विसर्जन प्रतिबंधित किया गया है, मूर्ति का विसर्जन सिर्फ मोहारा स्थित विसर्जन कुण्ड में ही किया जायेगा। उन्होंने मंदिरों के आस पास साफ सफाई तथा शहर में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने कहा है। विसर्जन में लगे सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धरित अवधि में अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायतो का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करेंगे।

# करदाताओं की सुविधा के लिये निगम की नवीन पहल

**राजनांदगांव 11 अक्टूबर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में सत प्रतिशत वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की पहल पर राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ राजस्व करों का ऑन लाईन संधारण तथा वसूली हेतु आयुक्त के निर्देश पर उपायुक्त श्री मोबिन अली के नेतृत्व में निगम सभागृह में राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला के लिये आज निगम सभागृह में बैक के अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। आयुक्त श्री गुप्ता के नेतृत्व में विगत दो माह से डिमाण्ड दुरूस्तीकरण किया जा रहा है। जिसके तहत कर दाताओं के घर व प्रतिष्ठान के पास जाकर मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन किया गया और पूर्व के डिमाण्ड से मिलान की गयी, डिमाण्ड मिलान करने पर भिन्नता पाये जाने पर वर्तमान सत्यपान के आधार पर डिमाण्ड तैयार किया जा रहा है। साथ ही जिन घरों का डिमाण्ड में दर्ज नहीं है उनका भी सत्यापन उपरांत विवरणी भर दर्ज कराया जा रहा है। मोबाईल के माध्यम से भौतिक सत्यापन उपरांत डिमाण्ड दुरूस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है, जिसकी समय समय पर आयुक्त श्री गुप्ता, उपायुक्त श्री मोबिन अली तथा राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन द्वारा समीक्षा की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में शासन लक्ष्य के विरूद्ध वसूली हेतु एवं करदाताओं की सुविधा के लिये ऑन लाईन वसूली किये जाने की तैयारी की जा रही है। इसी कडी मे आज निगम सभागृह में बैक के अधिकारी ने राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व अमला को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उनके द्वारा कर्मचारियों को सम्पत्तिकर, समेकितकर, जलकर की मांग का ऑन लाईन संधारण करने संबंधी जानकारी दी गयी, साथ ही करदाताओं की सुविधा हेतु यू.पी.आई. वालेट, चेक, कार्ड, नेट बैंकिंग आदि के माध्यम से करों का भुगतान की सुविधा कैसे उपलब्ध कराना है जानकारी दी गयी।

## क्या इस बार भी निगम से संबंधित व्यक्ति ही बनेगा महापौर ?

# निगम से संबंधित व्यक्ति ही आज तक बना है महापौर,विचित्र संयोग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 11 अक्टूबर।** आगामी नवंबर- दिसंबर में नगर पालिक निगम चुनाव संभावित है। जिसमें सभी 51 वार्ड के पार्षदों के साथ ही महापौर का चुनाव होना है। इससे पहले यहां के नगर निगम में जितने भी महापौर हुए। उन सब के साथ एक विचित्र संयोग यह बना कि महापौर बनने से पहले उनकी या उनके किसी न किसी परिजन की निगम की राजनीति या वहां के क्रियाकलाप में एंट्री पहले हुई है। अतीत को झांक कर देखें तो 1994-95 में राजनांदगांव नगर पालिका परिषद से नगर पालिका निगम, तब शरद वर्मा महापौर बने जो पूर्व में पार्षद थे। उनके बाद अजीत जैन महापौर बने। वह भी पहले उप महापौर थे। तत्पश्चात विजय पांडे महापौर बने तो उनके पिता रज्जू लाल पांडे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष थे। उनके बाद सुदेश देशमुख एक वर्ष के लिए ही सही महापौर बने।



वह भी इससे पहले पार्षद रहे। तत्पश्चात मधुसूदन यादव मनोनीत महापौर बने, जो पहले पार्षद रहे और वही बाद में सांसद भी बने। उनके बाद श्रीमती शोभा सोनी महापौर बनीं। वह भी पूर्व में पार्षद थी। उनके बाद नरेश डाकलिया महापौर चुने गए तो इससे पहले उनके भाई रमेश डाकलिया निगम के अध्यक्ष तथा एक अन्य भाई राजा डाकलिया पार्षद रहे। बाद में पूर्व सांसद मधुसूदन एक बार फिर महापौर बनाए गए, लेकिन दूसरी बार में वे निर्वाचित महापौर थे। वर्तमान महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, जिनका पंचवर्षीय कार्यकाल खत्म होने की ओर है, वह भी पूर्व में पार्षद रही हैं तथा उनके पति सुदेश देशमुख महापौर रहे हैं।

**एक ही मोहल्ले से बन चुके हैं तीन महापौर** : शहर में महापौर पद को लेकर विचित्र संयोग यहीं पर खत्म नहीं होता। एक और विचित्र संयोग यह बना है कि अब तक हुए 9 महापौर में से तीन महापौर एक ही मोहल्ले सदर बाजार के निवासी रहे। उनमें अजीत जैन, स्व. श्रीमती शोभा सोनी और नरेश डाकलिया के नाम शामिल हैं। अबकी बार भी यह विचित्र संयोगबनेगा या नहीं यह समय के गर्भ में है। देखना है कि महापौर पद को लेकर आगे क्या गुल खिलता है? अभी तो छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीख ही घोषित नहीं हुई है। लोग इस पद को लेकर किस तरह का आरक्षण किया जाता है यह पहले देखना चाह रहे हैं।

# समाचार संक्षेप

## पुलिस ने 23 हजार की शराब जब्त की




**डोंगरगांव 11 अक्टूबर।** 10 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये दिनांक 10.10.2024 को थाना डोंगरगांव पुलिस ने शराब रेड कार्यवाही के दौरान, आरोपी विनय देवांगन पिता श्री कुंदन देवांगन , उम्र - 29 साल , पता- बस स्टैण्ड वार्ड नं0 08 , ग्राम राजाखुज्जी ,थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव ,छ0ग0 के द्वारा अधिक मात्रा मे शराब अपने पास रखा हुआ रंगे हाथो मिला , आरोपी के पास से कुल 260 नग देशी प्लेन शराब , युनिक , कीमती करीबन 23400/- रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है । आरोपी को गिर0 किया गया , गिर0 की सूचना परिजन को दी गई है । आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगांव मे अप0 क्र0 245/24 धारा 34(2) आबकारी एकट के तहत अप0 पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है । आरोपी का जुर्म अजमानतीय होने से मान0 न्यायालय पेश किया गया है ।


## संस्कार निर्माण शिविर से होगा धार्मिकता का विकास:मुनि सुधाकर




**रायपुर 11 अक्टूबर।** लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर में आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में बच्चों में संस्कारको का बीजारोपण करते हुए जैनत्व से परिचित कराने के उद्देश्य के साथ त्रि- दिवसीय ( 10 से 12 अक्टूबर 2024 ) शिविर हमारी सभ्यता हमारी संस्कृति का आयोजन जिसका विधिवत शुभारंभ हो गया है श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, रायपुर द्वारा संचालित रायपुर ज्ञानशाला द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को अनेक विषयों पर मुनि वृंद के साथ ही आमंत्रित विषय विशेषज्ञों द्वारा संस्कारित किया जायेगा। शिविर में शिविरार्थीयों के लिए रोचक खेल भी रखे गए हैं। शिविर का समय प्रातः 7ः15 से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। मुनिश्री सुधाकर जी ने कहा कि यह शिविरार्थी हमारे धर्म के आने वाले कल है, भविष्य है अर्थात् इन मिट्टी रुपी शिविरार्थीयों का आज जिस रुप में रुपांतरण या सिंचन किया जायेगा उसी अनुरूप हमें फल की प्राप्ति होगी, भविष्य की ईमारत का निमार्ण हो सकेगा।

## कबीर मठ धाम नादिया में दानवीर मंगतू ठाकुर की पुण्य स्मृति मनाई जाएगी

**डोंगरगांव 11 अक्टूबर।** राजनादगांव जिले के प्राचीन एवं



ऐतिहासिक स्थल कबीर मठ धाम नादिया में नादिया के गौरवशाली परंपरानुसार ध्वजारोहण एवं दानवीर मंगतू ठाकुर की पुण्य स्मृति दिनांक 11 अक्टूबर 2024 को मनाया जाएगा। सद्गुरु सेवा साहेब जी ने दानवीर मंगत ठाकुर के सहयोग से कबीर मठ धाम नादिया की स्थापना किए थे। संत श्री सेवा साहेब जी परम विरक्त संत थे। नादिया के मालगुजार मंगतू ठाकुर ने सद्गुरु सेवा साहेब के समक्ष अपना तन-मन-धन समर्पित कर साहेब जी से निवेदन किया कि आप यहां सदगुरु कबीर साहेब का आश्रम स्थापित करें और उनके वाणी-वचनों का देश दुनिया में प्रचार करें। इस प्रकार नादिया मठ की स्थापना हुई। दानवीर मंगतू ठाकुर जी की इच्छा थी कि उसकी समाधि आश्रम में बनाया जाए और उस पर प्रत्येक वर्ष ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित हो। कबीर पंथ का श्वेत ध्वज सत्य, शांति और निज स्वरुप आत्मा का प्रतीक है, जो हमें सत्य पथ पर चलकर शांति को प्राप्त करते हुए आत्म कल्याण हेतु प्रेरित करता है। ध्वजारोहण का कार्यक्रम प्रातः 9ः00 बजे किया जाएगा उसके पश्चात 2ः00 बजे से 6ः00 बजे तक सत्संग भजन प्रवचन एवं सात्विक चौका आरती नादवंशाचार्य पंथ श्री हुजूर स्वामी मंगल साहेब जी के कर कमलों से संपन्न होगा। शाम 7ः00 बजे शोभा यात्रा के पश्चात भोज भंडारा का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी कबीर मठ नादिया के तत्वाधान में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक स्वरांजलि सिहावा नगरी का कार्यक्रम आयोजित है। मठ के धर्माधिकारी संत श्री सत्येंद्र साहेब जी ने सभी संतो एवं भक्तों से विनम्र आग्रह किये कि इस पुनीत कार्य क्रम में सभी अपनी सहभागिता प्रदान करें।

## संपादकीय

# वाकई भारत के रत्न है रतन टाटा

बहुत कम लोग रतन टाटा जैसे होते हैं दुनियां में, जो दुनियां में रहते है तो दुनिया के काम आते है, जो दुनिया से जाते है तो दुनियां के करोड़ों लोगों को लगता है कोई अपना गुजर गया है। अब कोई इस देश में ऐसा नहीं रह गया है,जिसे देखकर,जिसके बारे में जानकर, जिनकी बातें सुनकर, जिसकी बुलंदियों को देखकर कहने का मन करता है कि वाह,क्या आदमी है।कितने अद्भुत काम किए हैं इसने,बिजनेसमैन हो तो ऐसा होना चाहिए।बिजनेसमैन को तो ऐसा ही होना चाहिए।इसने पैसा अपने लिए नहीं कमाया, इसने तो पैसा देश के लोगों के लिए कमाया, दुनिया के जरूरतमंदों के लिए कमाया।इसने पैसा कमाया भी और उसका सदुपयोग भी किया।

बहुत सारे लोग पैसा तो कमाते लेकिन उसका सदुपयोग करना नहीं आता है।बहुत कम लोग दुनिया में होते हैं जिनको पैसे का सदुपयोग करना आता है। रतन टाटा ऐसे ही लोगों में से एक हैं इसलिए भारत ही नहीं दुनिया में उनका सम्मान है और उन्होंने करोड़ों लोगों, बेशुमार संस्थाओं की मदद की।उनसे जिसने भी किसी तरह मदद मांगी, उन्होंने किसी का मना नहीं किया। जो भी मदद मांगने आया, उसकी मदद जरूर की।बताया जाता है कि वह अपनी आय का 65 प्रतिशत धर्मार्थ कार्य के लिए दान कर दिया करते थे।

देश सेवा हो समाज सेवा वह हमेशा आगे रहते थे,वह जिंदगी भर अपने व्यावसायिक कौशल के लिए तो जाने ही गए हैं,उसके साथ ही वह परोपकार के लिए जाने जाते रहे।टाटा ट्रस्ट के माध्यम से उन्होंने स्वास्थ्य शिक्षा और ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण योगदान किया।अपने दो दशक के कार्यकाल में उन्होंने टाटा समूह को देश का ही नहीं विश्व का सबसे प्रतिष्ठित समूह बना दिया था, उनके समूह का कोई प्रोडक्ट हो, वह टाटा के नाम के कारण सबसे अच्छा माना जाता था और लोग उस पर भरोसा करते थे। टाटा के प्रोडक्ट के बारे में आम धारणा थी कि टाटा का हो अच्छा ही होगा।

टाटा ने हमेशा देश के लोगों को अच्छा से अच्छा प्रोडक्ट देने का प्रयास किया यही वजह है कि देश में शायद ही कोई घर ऐसा होगा जिसमें टाटा का कोई प्रोडक्ट न हो। घर घर में टाटा का प्रोडक्ट होने कारण टाटा को तब देश के हर परिवार के लोग जानते थे जब अंबानी व अडानी नहीं आए थे और आज भी जानते हैं जब अंबानी व अडानी देश के अमीर लोगों में गिने जाते हैं।

आजादी के बाद देश में अमीर तो बहुत से हुए लेकिन देश के लोग टाटा को अमीर लोगों में गिनते ही नहीं थे, वह तो टाटा को देश के सबसे अच्छे अमीर,आदर्श बिजनैसमैन के रूप में जानते थे, उनकी चर्चा देश में उनके पैसों के लिए जितनी नहीं होती थी उससे ज्यादा उनके किए गए परोपकार के लिए होती थी। इसलिए देश में सबसे ज्यादा परोपकारी अमीर की बात कहीं भी होती थी तो लोग सबसे पहले रतन टाटा का ही नाम लेते थे।

वह अपनी दरियादिली के लिए पूरी दुनियां में जाने जाते थे। देश व दुनिया के लोग उनको एक सफल बिजनेसमैन से ज्यादा सादगी से भरा, नेक, दरियादिल इंसान,हमेशा जहां भी मदद की जरूरत है,मदद करने को तत्पर इंसान के रूप में जानते थे।उन्होंने दुनियाभर में लोगों की,संस्थाओं की मदद की इसलिए दुनिया भर में उनका सम्मान किया गया, ढेर सारे पुरस्कार दिए गए। उनको देश में 2000 को पद्म भूषण,2008 को पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विदेशों से भी विश्व की प्रतिष्ठित संस्थाओं ने उनको अपना सबसे बड़ा सम्मान दिया है।

अब महाराष्ट्र सरकार ने उनको भारत रत्न देने का प्रस्ताव विधानसभा में पारित कर दिया है तो उन्हें यह सम्मान भी इसी साल या अगले साल मिल जाएगा। वह वाकई में भारत के रतन हैं। उनको भारत रत्न मिलेगा तो देश के लोगों को भी लगेगा कि सरकार ने फिर सही आदमी को यह पुरस्कार दिया है। महान आदमी अपने महान काम, महान आचार-विचार से जाना व माना जाता है।रतन टाटा ने भी जो कहा है और करके दिखाया है, वह कोई महान आदमी ही कह कर और करके दिखा सकता है और आने वाली पीढ़ियों को सदियों तक प्रेरणा दे सकता है कि शुरुआत जमीन से हर कोई करता लेकिन सबसे ऊंची चोटी पर पहुंचता है, वही सबसे महान होता है।

टाटा महान बने तो इसलिए कि उनको खुद पर विश्वास था और वह कहा करते थे कि मैं सही निर्णय लेने में विश्वास नहीं करता हूं। मैं पहले निर्णय लेता हूं उसके बाद उसे सही साबित करता हूं। यही वजह है कि टाटा ने अपने जीवन में बहुत से निर्णय किए और उनको अपने जीवन में ही सही साबित करके दिखाया भी।

करियर | ललित गर्ग

# संघर्षों के बीच सफलता की कहानी लिखती बालिकाएं



दुनियाभर में बालिकाओं को सम्मान एवं समानतापूर्ण जीवन में हिस्सेदारी बढ़ाने, उसके सेहतमंद जीवन से लेकर शिक्षा और करियर के लिए मार्ग बनाने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस दिन बालिकाओं को उनके अधिकारों और बालिका सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है। भारत समेत कई देशों में बालिकाओं को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक बच्ची के जन्म से लेकर परिवार में उसकी स्थिति, शिक्षा के अधिकार और करियर में महिलाओं के विकास में आने वाला बाधाओं को दूर करने के लिए जागरूकता फैलाना ही इस दिवस का उद्देश्य है। इस दिवस का उद्देश्य है कि दुनियाभर की बालिकाओं की आवाज को सशक्त करना और आने वाली चुनौतियों और उनके अधिकारों के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना। वर्ष 2024 के इस दिवस की थीम है भविष्य के लिए बालिकाओं का दृष्टिकोण, जो बालिकाओं की आवाज की शक्ति और भविष्य के लिए दृष्टि से प्रेरित, तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता और सतत आशा, दोनों को व्यक्त करता है।



आज की बालिकाओं की एक सम्पूर्ण पीढ़ी जलवायु, संघर्ष, युद्ध, गरीबी, मानव अधिकारों और लैंगिक असमानता जैसे वैश्विक संकटों से जूझ रही है। बहुत सी लड़कियों को अभी भी उनके अधिकारों से वंचित रखा जाता है, जिससे उनके विकल्पों पर प्रतिबंध लगता है और उनका भविष्य सीमित हो जाता है। फिर भी हाल ही में किए गए विश्लेषण से पता चलता है कि लड़कियाँ न केवल संकट का सामना करने में साहसी हैं, बल्कि भविष्य के लिए आशावान भी हैं। हर दिन, वे एक ऐसी दुनिया की कल्पना को साकार करने के लिए कदम उठा रही हैं जिसमें सभी लड़कियों को सुरक्षा, सम्मान और अधिकार प्राप्त हों। इस खास दिन मनाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं यानी नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। देश एवं दुनिया में लड़कियों के लिये ज्यादा समर्थन और नये मौके देने के लिये इस उत्सव की विशेष प्रासंगिकता है। बालिका शिशु के साथ भेद-भाव एक बड़ी समस्या है जो कई क्षेत्रों में फैला है जैसे शिक्षा में असमानता, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सीय देख-रेख, सुरक्षा, सम्मान, बाल विवाह आदि। ये बहुत जरूरी है कि विभिन्न प्रकार के सामाजिक भेदभाव और शोषण को समाज से पूरी तरह से हटाया जाये जिसका हर रोज लड़कियाँ अपने जीवन में सामना करती हैं।

एक गैर सरकारी संगठन ने प्लान इंटरनेशनल प्रोजेक्ट के रूप में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत की। इस एनजीओ ने एक अभियान चलाया, जिसका नाम “क्योंकि मैं एक लड़की हूं” रखा गया। इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैलाने के लिए कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। 19 दिसंबर 2011 के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित किया और 11 अक्तूबर 2012 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया और उस समय इसकी थीम “बाल विवाह को समाप्त करना” था। आज दुनिया में कन्याओं एवं बालिकाओं के समग्र विकास के साथ उनके जीवन को सुरक्षित करना ज्यादा जरूरी है, क्योंकि छोटी बालिकाओं पर हो रहे अन्याय, अत्याचारों की एक लंबी सूची रोज बन सकती है। न मालूम कितनी अबोध बालिकाएं, कब तक ऐसे जुल्मों का शिकार होती रहेंगी। कब तक अपनी मजबूरी का फायदा उठाने देती रहेंगी। सख्त कानूनों के बावजूद, देश में हर 15 मिनट पर एक बालिका यौन अपराध का शिकार होती है। निर्भया मामले में जनांदोलन के बाद सख्त कानून बनने के बावजूद देश में बलात्कार एवं बाल-दुष्कर्म मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है।

समाज में व्याप्त अत्यधिक गरीबी ने बालिकाओं के खिलाफ सामाजिक बुराई जैसे दहेज प्रथा को जन्म दिया है जिसने बालिकाओं की स्थिति को बद से बदतर बना दिया है। आमतौर पर माता-पिता सोचते हैं की लड़कियां केवल रुपये खर्च कराती है जिसके कारण वो लड़कियों को बहुत से तरीकों (कन्या भ्रूण हत्या, दहेज के लिये हत्या) जन्म से पहले या बाद में मार देते हैं, कन्याओं या महिलाओं को बचाने के लिये ये मुद्दे समाज से बहुत शीघ्र खत्म करने की आवश्यकता है। हम तालिबान-अफगानिस्तान आदि देशों में बच्चियों एवं महिलाओं पर हो रही क्रूरता, बर्बरता, शोषण की चर्चाओं में मशगूल दिखाई देते हैं लेकिन भारत में आए दिन नाबालिग बच्चियों से लेकर वृद्ध महिलाओं तक से होने वाली छेड़छाड़, बलात्कार, हिंसा की घटनाएं पर क्यों मौन साध लेते हैं? इस देश में जहां नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है, लोग कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोते हैं और उन्हें यथासंभव उपहार देकर देवी मां को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं वहीं इसी देश में बेटियों को गर्भ में ही मार दिये जाने एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को नौंचने की त्रासदी भी है। इन दोनों कृत्यों में कोई भी तो समानता नहीं बल्कि गजब का विरोधाभास दिखाई देता है।

दुनियाभर में बालिकाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये जागरूकता एवं आन्दोलनों के बावजूद बालिकाओं पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। हमारे देश में भी बालिकाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, तलाक के बढ़ते मामले, गांवों में बालिका की अशिक्षा, कुपोषण एवं शोषण, बालिकाओं की सुरक्षा, बालिकाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराधों पर प्रभावी चर्चा एवं कठोर निर्णयों से एक सार्थक वातावरण का निर्माण किये जाने की अपेक्षा है। क्योंकि एक टीस-सी मन में उठती है कि आखिर बालिकाओं कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा?

दरअसल छोटी लड़कियों या महिलाओं की स्थिति अनेक मुस्लिम और अफ्रीकी देशों में दयनीय है। जबकि अनेक मुस्लिम देशों में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों के लिये सख्त सजा का प्रावधान है, अफगानिस्तान-तालिबान का अपवाद है। वहां के तालिबानी शासकों ने महिलाओं को लेकर जो फरमान जारी किए हैं वो महिला-विरोधी होने के साथ दिल को दहलाने वाले हैं। दुनिया की बड़ी शक्तियों को इन बालिकाओं के स्वतंत्र अस्तित्व को बचाने के लिये आगे आना चाहिए। तमाम जागरूकता एवं सरकारी प्रयासों के भारत में भी बालिकाओं की स्थिति में यथोचित बदलाव नहीं आया है। भारत में भी जब कुछ धर्म के ठेकेदार हिंसात्मक और आक्रामक तरीकों से बालिकाओं को सार्वजनिक जगहों पर नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं तो वे भी तालिबानी ही नजर आते हैं। विरोधाभासी बात यह है कि जो लोग बालिकाओं को संस्कारों की सीख देते हैं, उनमें से बहुत से लोग, धर्मगुरु, राजनेता एवं समाजसुधारक महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति कितनी कुत्सित मानसिकता का परिचय देते आए हैं, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। इनके चरित्र का दोहरापन जगजाहिर हो चुका है। कोई क्या पहने, क्या खाए, किससे प्रेम करे और किससे शादी करें, सह-शिक्षा का विरोधी नजरिया- इस तरह की पुरुषवादी सोच के तहत बालिकाओं को उनके हकों से वंचित किया जा रहा है, उन पर तरह-तरह की बंदिशें एवं पहरे लगाये जा रहे हैं।

“यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता”- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे “भोग की वस्तु” समझकर आदमी “अपने तरीके” से “इस्तेमाल” कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। आज अनेक शक्लों में नारी के वजूद को धुंधलाने की घटनाएं शक्ल बदल-बदल कर अपने अध्याय रच रही हैं। बावजूद इसके सही समर्थन, संसाधन और अवसरों के साथ, दुनिया की 1.1 बिलियन से ज्यादा लड़कियों की क्षमता असीम है और जब लड़कियां नेतृत्व करती हैं, तो इसका प्रभाव तत्काल और व्यापक होता है। परिवार, समुदाय और अर्थव्यवस्थाएं सभी मजबूत होती हैं, हमारा भविष्य उज्ज्वल होता है। अब समय आ गया है कि लड़कियों की बात सुनी जाए, ऐसे सिद्ध समाधानों में निवेश किया जाए जो भविष्य की ओर प्रगति को गति देंगे, जिसमें हर लड़की अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सकेगी।

## आज का राशिफल

मेष राशि: आज किसी रुके हुए कार्य को पूरा करने में बड़ों की सलाह लेना उचित रहेगा। नवविवाहित लोगों के जीवन में खुशियों का आगमन होगा। युवाओं के लिए सफलता के नए दरवाजे खुलेंगे। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा, जिससे वे बहुत खुश होंगे। लवमेट के रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी। माता को पुष्प अर्पित करें, बच्चों की तरक्की होगी।

वृष राशि: आज आपका मन आनंदित रहेगा। जो लोग स्टेशनरी का कार्य करते हैं, उनको आज उम्मीद से अधिक लाभ होने वाला है। पिता जी आपको आज कोई जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। आज आपका दिन बडें बुजुर्गों के साथ बीतेगा। कारोबार में आ रही समस्याएं समाप्त होंगी। मां दुर्गा की आरती करें, घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, आज लोगों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। छोटे स्तर पर व्यापार करने वालों को बड़ा लाभ होगा। लवमेट के लिए आज का दिन रिश्तों में मिठास बढ़ाने वाला रहेगा। मां दुर्गा को नारियल अर्पित करें, कार्यक्षेत्र में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको संभलकर फैसले लेने की जरूरत है। अगर आप खुद का बिजनेस करते हैं, तो आपको किसी से भी बात करते समय अपने शब्दों पर ध्यान देना चाहिए। आपको किसी काम में भाई का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा, जिससे आपका मन पूरे दिन प्रसन्न रहेगा। माता के सामने घी का दीपक जलायें, कारोबार में बरकत होगी।

सिंह राशि: आज के दिन आप हर तरह से चिंता मुक्त रहेंगे। महिलाओं के लिए दिन बड़ा ही अच्छा रहेगा। कॉमर्स फील्ड से जुड़े छात्रों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों का आज पदोन्नति होने के योग बने हुए हैं। आज आपको व्यापार में आर्थिक लाभ होने की सम्भावना है। अगर आप वाहन लेने का मन बना रहे है तो आज का दिन अच्छा है। कन्या का आशीर्वाद लें, समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

कन्या राशि: आज हर कोई आपके साथ चलने की कोशिश करेगा। जो लोग कोर्ट-कचहरी के मामलो से जुड़े हैं, उनके कार्य आज समय से पूरे हो जाएंगे। आपको ऑफिस में मिले नये प्रोजेक्ट को पूरा करने में जूनियर्स का सहयोग मिलेगा। आज घर पर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। माता महागौरी के मंत्र का जप करें, तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे।

तुला राशि: आज आपके रूके हुए जरूरी काम समय से पूरे हो जाएंगे। जो लोग थियेटर से जुड़े हैं, उन्हें आज सुनहरे अवसर मिलने वाले है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज नई जिम्मेदारी मिलने वाली हैं। आज आपके दाम्पत्य रिश्तें में मधुरता आयेगी। जो लोग नौकरी कर रहें हैं, उनके प्रमोशन होने के योग बने हुए हैं। आज बच्चों के साथ शाम को घर पर गेम खेलकर समय व्यतीत करेंगे। हल्दी का तिलक लगायें, भाग्य का साथ मिलता रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज पूरे दिन आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। अगर आप कोई नया करोबार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं, तो परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। आज आपका ध्यान किसी घरेलू कार्य को पूरा करने पर लगेगा। आज आपको घर के बुजुर्गों के सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। माता के दर्शन करें, जीवन में खुशियां बनी रहेंगी।

धनु राशि: आज आपको जीवन में नया मुकाम प्राप्त होगा। जो लोग फैशन डिजाइनर हैं, आज उनके दिमाग में अच्छे क्रिएटिव थॉट आयेंगे। आज आपके द्वारा किये गए सामाजिक कामों की तारीफ होगी। ट्रांसपोर्ट के कार्यों से जुड़े लोगों को मुनाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में चल रही नोक-झोंक आज समाप्त हो जायेगी। माता को नारियल अर्पित करें, आपकी बिजनेस से रिलेटेड समस्याएं दूर होगी।

मकर राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। जो लोग बिजनेसमैन हैं, उन्हें आज किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। अगर लम्बे समय से किसी बात को लेकर परेशान हैं तो उसे जीवनसाथी के साथ शेयर करे, मन को शांति मिलेगी। किसी को बिना सोचे-समझे पैसा उधार देने से बचें। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट से उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। गाय को रोटी खिलाएं, कार्यों में सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि: आज आपका दिन बहुत अच्छा रहने वाला है। जो लोग लेखक हैं, आज उनके विचारों का सम्मान होगा। आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगा। आज आपकी बात किसी पुराने दोस्त से होगी। अविवाहितो को आज विवाह के अच्छे प्रस्ताव आयेंगे। बच्चे आज पढ़ाई से ज्यादा खेलने में ध्यान लगायेंगें। धर्मस्थल पर रुई के बत्ती का दान करें, तरक्की के नये मार्ग मिलेंगे।

मीन राश: आज आप अपने सोचे हुये कार्यो को जल्दी पूरा करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग लोहे का बिज़नेस करते हैं, आज उनको उम्मीद से अधिक मुनाफा होगा। भाई से आज आपको कोई उपहार मिलेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी मिलेगी। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों का समाधान निकलेगा। बड़ों का आशीर्वाद लें, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

## दशहरा पर्व विशेष चिंतन | जागे राम तो भागे रावण

विजय मिश्रा 'अमित '



दशहरा के दिन रावण का पुतला जलाने के लिए विशालकाय पुतला बनाने की तैयारी में कई दिनों से जुटा था। हाड़तोड़ मेहनत के कारण थक कर चूर चूर हो गया था।इसलिए रात में बिस्तर पर जाते ही घोड़ा बेचकर सो गया था। तभी बाहर से आते ज़िंदाबाद -मुदार्बाद के नारों से मेरी नींद टूट गई। चुनावी दौर में कौन नासमझ इतनी रात को जूलूस लेकर निकला है ? सोचते,आंखे मलते घर के बाहर देखा।तब यह देखकर दंग रह गया कि अलग-अलग राजनैतिक पार्टी के रावण एकत्रित होकर अपनी-अपनी बातें बढ़ा चढ़ा कर बता रहे हैं।वे जनता- मतदाता को रिझाने एक से बढ़कर एक लुभावने घोषणा भी कर रहे हैं।जैसे दीवाली के समय बाजार में दुकानदार बड़े बड़े आफर देते हैं। इस अकल्पनीय दृष्य को देखकर मेरी नींद पूरी तरह से उड़ गई। मैं कान लगाकर उनकी बात ध्यान से सुनने लगा।

मैंने देखा फूल गोभी छाप पार्टी का रावन फूलगोभी छाप पर मुहर लगाने की अपील करते हुए बोल रह था- हमारा प्रदेश किसानों का प्रदेश है।हरेक किसान को अपनी मेहनत के बल पर जीने का हक है।हमने देखा है कि सूखे -अकाल की स्थिति में किसान परिवार भूखा प्यासा मर जाता है। इसका निदान करने हम शिविर लगाकर किसान परिवारों को महीनों भूखा-प्यासा रहने का निःशुल्क प्रशिक्षण देंगे। हमारी पूरी कोशिश होगी कि हर वर्ष सूखा अकाल पड़े ताकि हमारे किसान भूखा रहकर भी जिंदा रहने अभ्यस्त हो सकें।

फूलगोभी छाप पार्टी के रावण की बात समाप्त होते ही सांड छाप पार्टी का रावण उठ खड़ा हुआ। वह बोला- जन्म से मृत्यु तक आदमी गोरस -गोबर पर ही आश्रित रहता है। अतः हमारी पार्टी जीतेगी तो हमारी कोशिश होगी कि स्वच्छ स्थल,शुद्ध वायु में पली बढ़ी गाय का गौमुत्र सभी भाई -बहिनों को निःशुल्क मिल सके। इस हेतु गांव -शहर में समस्त गोवशों को सपरिवार अर्थात गाय, भैंस,सांड ,बछड़ा, बछिया को सड़कों पर बेरोकटोक घुमने,आराम से बैठने की आजादी हमारी पार्टी देगी। इससे कोई भी जरूरतमंद अपनी सुविधानुसार जब चाहेगा गौमुत्र निःशुल्क प्राप्त कर लेगा।

आप सभी इस बात से भी सहमत होंगे कि सड़कों पर घूमते गाय -भैंस एक प्रकार से स्पीड ब्रेकर का काम भी करते हैं,अतः स्पीड ब्रेकर बनाकर,गौठान बनाकर धनराशि को बर्बाद करने के बजाय हमारी पार्टी उस धनराशि से दाना भूसा खरीद कर सड़क पर बैठे गोवंश के बीच वितरित करेगी।

तभी बोतल छाप पार्टी का रावण लड़खड़ाते हुए आया।उसकी लाल आंखें बयां कर रही थीं कि उस पर अंग्रेजी सवार है।आगे आकर वह बोला- माई डीयर फ्रेंड्स,आई नो वेरी वेल हमारा प्यारा प्रदेश अलग-अलग नशाखोरी में आकंठ डूब गया है।आए दिन बड़ी संख्या में प्यारे नशेड़ी भाई मौत के मुंह में जा रहे हैं।

ऐसी स्थिति में हमारी माताएं- बहनें विधवा होकर नर्क की जिंदगी जीने को विवश हैं।भाईयों और बहनों अगर हमारी पार्टी की सरकार बनती है तो हम ऐसी माता बहिनों का विशेष ध्यान रखेगें।उनकी जिन्दगी को स्वर्ग बनाने के लिए घर घर में सर्वसुविधायुक्त विधवा आश्रम खुलवा देंगे।

तभी चिमटा-घंटी धारी स्वेत - भगवा- हरा वस्त्रों से सुसज्जित रावण सामने आया।वह सर्वधर्म समभाव की लच्छेदार बातें करते हुए बोला- हमारी पार्टी जीतेगी तो जाति धर्म देखे बिना ही एक के साथ एक फ्री की नीति को अपनाएंगे। अर्थात एक मृत्यु संस्कार के साथ एक मृत्यु संस्कार मुफ्त करेगें।हर किस्म के पूजा पाठ की दक्षिणा में पचास प्रतिशत की कटौती करेंगें।शनि को शांत करके कुबेर को घर घर पहुंचाएंगे।

उनकी बकवास सुनते सुनते मेरी आत्मा मुझे धिक्कारने लगी।वह बोली-असली रावण को तो राजा राम ने मारा था।तुम रामवंशी,रामभक्त हो और कब तक ऐसे रावणों से छलाते रहोगे। “कुत्ते की आंख इक्कीस दिन में खुलती है,पर आदमी आंख खुलने में इक्कीस वर्ष लग जाते हैं” यह बात सुनी तो थी पर आज उसे प्रत्यक्ष देख भी रही हूं आखिर कब खुलेगी तुम्हारी आंख ...उठो... जागो... और ऐसे बहुरूपिए रावणों का वंश नाश करो। इन्हें मारने तुम्हें ही राम बनना होगा। अपनी आत्मा की ऐसी ललकार से मेरे भीतर का राम,मेरे भीतर का गांधी जाग उठा। मैं रौद्र रूप लिए,दहाड़ते हुए बहुरूपिए रावणों की ओर दौड़ा।मेरे भीतर बसे राम -गांधी की शक्ति को बाहर आते देखकर वे दुम दबाकर भाग निकले। तभी मेरी नींद टूट गई। मुझे लगा सचमुच मैं जाग गया हूं।मेरी आंखें खुल गईं हैं। मैं दोनों हाथ उठाकर गरज उठा जयश्री राम।

विजयादशमी | डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

# रावण को मुक्ति के लिए बनना पड़ा राक्षस



विजयादशमी अर्थात दशहरा पर्व हम सदियों से मानत आ रहे हैं । इस दिन मयार्दा पुरषोत्तम भगवान श्री राम के द्वारा महा - पंडित और महाबली दशानन रावण के साथ ही उसके भाई कुंभकरण के वध का प्रसंग हम सभी जानते हैं । प्रश्न यह उठता है कि आखिर रावण के वध के लिए स्वयं भगवान विष्णु को अवतार क्यों लेना पड़ा ? राम - रावण युद्ध के संदर्भ में जो उल्लेख शास्त्रों में मिलता है इसके अनुसार भगवान श्री राम ने त्रेता युग में रावण और मेघनाद का वध किया । रामायण कथानक के अनुसार यह वध जनक नंदिनी सीता जी के हरण की वजह से हुआ । इससे पूर्व भी भगवान ने अवतार लेकर हिरण्यकश्यपु और हिरणाक्ष तथा शिशुपाल और दंतवक्र का वध किया । यह सभी वध शास्त्रों के अनुसार रावण की मुक्ति के लिए ही लिए गए थे । आज विजयादशमी पर्व पर राक्षसराज रावण का वध जरूरी क्यों था ? इसके अंतस में छिपी कथा क्या है ? इसे जानना भी जरूरी है । हमारे धर्म - ग्रंथों में आए कथानक हमें बताते हैं कि रावण और मेघनाद कभी भगवान विष्णु के द्वारपाल हुआ करते थे । अपने कर्तव्य को पूरी लगन से करने वाले द्वारपाल “जय और विजय” के रूप में भगवान विष्णु की सेवा में तत्पर रहा करते थे । इसी कर्तव्य पथ पर उन्होंने अनजाने में ऐसी भूल कर दी जिसके दंड स्वरूप उन्हें श्रापित होना पड़ा और रावण तथा मेघनाद के रूप में जन्म लेना पड़ा । साथ ही उन्हें हिरण्यकश्यपु और हिरणाक्ष जैसे भयानक राक्षस की योनि मिली । इतना ही नहीं शिशुपाल एवं दंतवक्र का नारकीय जीवन भी बिताना पड़ा । ये तीनों जन्म उनकी मुक्ति के लिए जरूरी थे ।

रावण सदियों से अनैतिकता एवं अधर्म का पर्याय माना जाता रहा है । यह रावण का पूरा परिचय नहीं कहा जा सकता है । भगवान श्री राम को अपना शत्रु समझने वाला महा - पंडित रावण कभी उनका द्वारपाल हुआ करता था । वह भगवान श्री नारायण अर्थात विष्णु जी के द्वार पर पहरा दिया करता था ! भगवान विष्णु का हर आदेश उसका कर्तव्य होता था । इन्हीं भगवान विष्णु ने धरती पर मयार्दा पुरषोत्तम भगवान श्री राम के रूप में जन्म लिया । इस जन्म के पीछे जो कारण छिपा था वह भी रावण को श्राप मुक्त करने से संदर्भित था । यह रावण के पूर्व जन्म की कथा है , जब वह अपने भाई के साथ जय - विजय के नाम से जाना जाता था । एक श्राप के कारण रावण के स्वभाव में राक्षसी प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई ! पुराणों में आए कथानक के अनुसार इन समय जय - विजय भगवान विष्णु की सेवा में अपना कर्तव्य निभाते हुए द्वारपाल का काम कर रहे थे । इसी समय ब्रह्मा जी के मानस पुत्रों सनक , सनंदन , सनातन एवं सनत कुमार भगवान विष्णु के दर्शन के उद्देश्य से वहां पहुंचे । उन्होंने जय - विजय से भगवान के दर्शन हेतु महल में प्रवेश की अनुमति मांगी । अपने कर्तव्य के वशीभूत जय - विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया । इसे अपना अपमान मानकर ऋषि पुत्रों ने उसी क्षण जय - विजय को राक्षस बन जाने का श्राप दे दिया। जब भगवान विष्णु माता लक्ष्मी के साथ महल से बाहर द्वार पर पहुंचे तब जय - विजय के साथ ऋषि पुत्रों के विवाद की जानकारी उन्हें हुई । भगवान विष्णु ने ऋषि पुत्रों से अनुरोध किया कि यह सब अनजाने में हुआ है , अतः उन्हें क्षमा कर दें ।

ऋषि पुत्रों ने श्री नारायण से कहा कि श्राप को वापस नहीं लिया जा सकता है । उन्होंने भगवान विष्णु के निवेदन पर श्राप के प्रभाव को कम करने की व्यवस्था का सुझाव दिया । ऋषि पुत्रों ने कहा उन्हें तीन जन्म राक्षस के रूप में ही काटने होंगे । इन जन्मों में यदि उनकी मृत्यु भगवान विष्णु अथवा उनके अवतारों के हाथों होगी तभी वे पुनः अपने वास्तविक स्वरूप जय - विजय को पा सकेंगे । इस व्यवस्था के बाद जय - विजय ने पहले राक्षसी जन्म में हिरण्यकश्यपु तथा हिरणाक्ष के रूप में खूब आतंक मचाया । इसके बाद इनका जन्म रावण और कुंभकरण के रूप में हुआ तथा तीसरा राक्षसी जन्म शिशुपाल और दंतवक्र जैसे भयानक राक्षस के रूप में व्यतीत करना पड़ा । अलग - अलग काल में भगवान ने नृसिंह , श्रीराम एवं श्री कृष्ण के रूप में अवतरित होकर अपने द्वारपालों जय - विजय को श्राप मुक्त करने उनका वध किया । ये तीनों युग क्रमशः सतयुग , त्रेतायुग तथा द्वापरयुग के नाम से जाने गए । पहले जन्म में हिरण्यकश्युप और हिरणाक्ष के रूप में जन्मे जय - विजय ने यह वरदान पा लिया था कि उन्हें न तो कोई मानव मार सके और न ही कोई पशु । उनकी मृत्यु न तो दिन में हो और न ही रात में । उन्हें न तो कोई घर के भीतर मार सके और न ही बाहर । इतना ही नहीं उन्हें यह वरदान भी मिला कि उन्हें न तो कोई धरती पर मार सके और न ही आकाश पर । उनकी मृत्यु न तो किसी अस्त्र से हो और न ही शस्त्र से । इस युग में श्री हरि ने नृसिंह अवतार लेकर संध्या बेला में ( गोधूली ) आधा शरीर मानव का और आधा सिंह का , घर की दहलीज के बीच अपनी जांघ पर लेकर अपने नाखूनों से चीरकर हिरण्यकश्यपू का वध कर मुक्ति प्रदान की ।

यही जय - विजय अपने दूसरे जन्म में रावण और कुंभकरण बने । इस जन्म में रावण लंका का राजा , लंकापति दशानन , दसों दिशाओं के अधिपति के रूप में अपनी मन - मर्जी करने लगा । उसके भाई का जन्म कुंभकरण के रूप में हुआ । इस त्रेतायुग में भगवान श्री नारायण ने अयोध्या के राजा दशरथ के घर मयार्दा पुरषोत्तम के रूप में जन्म लिया । धनुष यज्ञ में धनुष की प्रत्यंचा न चढ़ा पाने वाले महाबली रावण ने जब यह देखा कि दशरथ पुत्र राम ने प्रत्यंचा चढ़ाकर सीता को अपनी जीवन संगिनी बना लिया है , तभी से उसके अंदर राक्षसी प्रवृत्ति ने बदले की भावना को घी डालना शुरू कर दिया था । वनवास के दौरान भगवान श्री राम की पत्नी जनक नंदिनी सीता का हरण रावण की श्राप मुक्ति का चरण ही कहा जा सकता है । वानर सेना के साथ समुद्र पर सेतु बनाने और अनेक दृष्टांतों के बाद भगवान श्री राम ने रावण एवं कुंभकरण का वध करके उन्हें दूसरे राक्षसी जन्म से मुक्त किया । अभी जय - विजय का एक और जन्म शेष था । तीसरे राक्षसी जन्म में उनकी श्री नारायण के अवतार द्वारा मुक्ति ही उन्हें उनके वास्तविक रूप में ला सकती थी ।

अपने तीसरे श्रापित जन्म में जय - विजय ने शिशुपाल और दंतवक्र जैसे राक्षस की योनि प्राप्त की । इस समय भगवान श्री नारायण अपने पूर्ण रूप में भगवान श्री कृष्ण का अवतार बनकर धरती पर आए । भगवान श्री कृष्ण की बुआ के पुत्र के रूप में शिशुपाल और दंतवक्र का जन्म हुआ । रिश्ते में भाई होने के बाद भी दोनो भगवान श्री कृष्ण के प्रबल विरोधी थे । वे भगवान श्री कृष्ण को अपना शत्रु मानते थे । इस जन्म में भगवान श्री कृष्ण ने शिशुपाल को वध से पूर्व पूरा मौका दिया कि वह सुधर जाए । उसके बुरे कर्मों का अंत न होता देख आखिरकार भगवान श्री हरि ने उसका वध किया । इस तरह पौराणिक कथाओं के अनुसार है - विजय ने अपने तीनों जन्मों में राक्षस होने के श्राप को पूरा कर श्री नारायण के हाथों सदगति पाकर वापस द्वारपाल के रूप में जय - विजय के कर्तव्यों पर बैकुंठ जाने का मार्ग प्रशस्त कर लिया ।

# नवमी पर दंतेश्वरी मंदिर में नौ कन्याओं की पूजा की गई

## शाम को ज्योति कलशों का होगा विसर्जन





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 12 अक्टूबर।** शारदीय नवरात्रि की नवमीं तिथि पर आज दंतेश्वरी मंदिर सहित सभी दुर्गा मंडपों में हवन पुर्णाहुति तथा भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है वहीं नवमी पर नव कन्या पूजन की परंपरा भी निभाई गई। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी नवरात्रि के नवमीं तिथि पर दंतेश्ववरी मंदिर में नव कन्या पूजन किया गया जिसमें 9 कन्याओं के पैर धोकर उनको आसन पर बिठाया गया और उन्हें भोग प्रसाद अर्पित किया गया। उक्त अवसर पर मंदिर के पुजारियों ने एक एक कर सभी कन्याओं का पैर धुलाकर उनके पैरों में लालता लगाया और उन्हें प्रणाम कर पूरे सम्मान के साथ सभी नन्ही प्यारी कन्याओं को आसन पर बिठाया और उन्हें खीर, पूरी और मिष्ठान खिलाई। यह परंपरा हर साल मंदिर के प्रधान पुजारी जिया बाबा के घर में निभाई जाती है। नवमीं पर आज दंतेश्वरी मंदिर में भण्डारा का भी आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। आज नवरात्र के आखरी दिन भी दंतेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। हालांकि भीड और दिनों की अपेक्षा कम थी। नगर में अलग अलग जगहों पर विराजी मां दुर्गा मंडपों में भी आज हवन पुर्णाहुति के बाद भण्डारा का आयोजन किया जा रहा है भण्डारा प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमडते रहे। आज शाम 4 बजे मंदिर के ज्योति कलश कक्षों में जल रहे हजारों मनोकामना ज्योति कलशों का भी विसर्जन किया जाएगा। कलशों के विसर्जन के साथ ही 9 दिनों से चली आ रही आस्था और श्रद्धा का यह महापर्व सम्पन्न हो जाएगा।

एक नजर

### गीदम में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी नहीं करेंगे ऑनलाइन डाटा एंट्री



**गीदम, 11 अक्टूबर ।** दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक मे स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौतम कुमार को ऑनलाइन डाटा एंट्री नही करने और कर्मचारियों की बुनियादी समस्याओं के निराकरण करने के संबंध मे ज्ञापन सौंपा गया है। बता दें कि स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों के द्वारा सारे सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाता हैं। उपस्वास्थ्य केद्रों में ना कोई कंप्यूटर सिस्टम ना कोई डाटा ऑपरेटर असुविधाओ के साथ स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा ऑनलाइन डाटा एन्ट्री करवाया जाता है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने आगामी दिनों मे ऑनलाइन डाटा एंट्री काम पूर्णता बंद करने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भगत राम कोरसा, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नुरजन्हा बेगम सचिव हीरालाल कश्यप,मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र नायक, कुशाल नाग अंजनी नेताम,सुनिता ठाकुर ,पुजा सोनी, माधव दीवान, कुंदन नरेटी,खीलेन्द्र रजक एंव अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### ग्राम कुसमा में गुरु बालक दास साहेब का राज्याभिषेक राजा मेला 13 अक्टूबर को



**कोंडागांव।** परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के द्वितीय पुत्र महान प्रतापी बलिदानी राजा गुरु बालक दास साहेब जिन्हें 18 वीं सदी सन 1820 में एकादशीय के दिन राज्याभिषेक अर्थात राजा की पदवी से सुशोभित किया गया था। राजा बनने की खुशी व याद में 100 गवा सतनामी समाज स्थापना एवं धर्मसभा संसद के प्रथम परिसीमन कोंडागांव के तत्वावधान में प्रतिवर्ष राजा मेला का आयोजन ग्राम कुसमा में आयोजित किया जाता है। इस वर्ष भी 13 अक्टूबर 2024 को ग्राम कुसमा में आयोजित है जिसमे 100 गांव के सतनामी समाज बच्चे महिला पुरुष हजारों की संख्या में एकत्रित होंगे और राजा बनने के ऐतिहासिक क्षण को सांस्कृतिक रूप से खुशहाली मनाएंगे। प्रथम परिसीमन कोंडागांव के ग्राम कुसमा एकादशी राजा मेला में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी जी का आगमन हो रहा है अध्यक्षता के रूप में लखमु राम टंडन प्रधान संयोजक 100 गवा सतनामी समाज स्थापना एवं गुरुद्वारा धर्म सभा सांसद करेंगे एवं 100 गांव के सतनामी समाज के प्रमुखगण विशिष्ट अतिथि होंगे। राजा मेला में मुख्य आर्कषक के रूप में सुप्रसिद्ध पंथी, पंडवानी गायिका व ज्ञान स्त्रोत कलामंच पदमश्री डॉ श्रीमती उषा बारले जी भिलाई दुर्ग की प्रस्तुति होगी, इनके कार्यक्रम को लेकर समाज में हर्ष व्याप्त है। गौरतलब है कि उन्हें इसी वर्ष शासन द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किया गया है इस कारण उन्हें सुनने समाज के लोग आतुर है। ज्ञात हो कि इस वर्ष 100 गवा सतनामी समाज के तत्वावधान में भारतवर्ष में 55 स्थानो पर राजा मेला का आयोजन किया जा रहा है। राजा मेला समिति के संयोजक सुरेश बघेल, धँसराज टंडन हरिश्चंद्र डहरे, सहित समाज के लोग तैयारी में लगे हुए है। धँसराज टण्डन ने राजा मेला के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि मेला के सफल आयोजन हेतु शासन प्रशासन को भी सूचना एवं संबंधित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन को पत्र दिया गया है। इसके अलावा धार्मिक कार्यक्रम होने के कारण जिला आबकारी विभाग को भी निवेदन किया गया है कि गांव में शुष्क दिवस घोषित किया जावे। इसी के साथ पीडब्ल्यूडी, आरईएस व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से निवेदन किया गया है कि सड़क, आवागमन के जहाँ गड्ढे है, सड़क किनारे मुरुम मिटटी व पेयजल सुविधा इत्यादि जन सुविधा के लिए महत्वपूर्ण जरूरी कार्य करने अपील की गई है।

### राज्योत्सव का एकदिवसीय आयोजन 5 नवम्बर को

**कांकेर 11 अक्टूबर ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 05 नवम्बर 2024 को राज्योत्सव एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम आयोजन के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपा गया है, जिसमें जिला पंचायत, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, आदिवासी विभाग, स्कूल शिक्षा, जनसम्पर्क विभाग, जिला खनिज, खाद्य, मुख्य नगरपालिका एवं अन्य संबंधित विभाग प्रमुख शामिल हैं।

### निर्वाचक नामावली तैयारी के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**सुकमा, 11 अक्टूबर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार एवं पुनरीक्षण का कार्य प्रगति पर है। जिस हेतु राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा निर्वाचक नामावली तैयारी कार्य का प्रेक्षण हेतु श्री राजेश पात्रे, अपर कलेक्टर दन्तेवाडा को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री राजेश पात्रे 14 अक्टूबर 2024 सोमवार को जिला सुकमा मे पहुंचेगें।

### 40 फीट के लंका नरेश का मंडी प्रांगण में होगा दहन



**पत्थलगांव।** हर वर्ष की तरह इस बार भी मंडी प्रांगण मे 40 फीट का दशानन तैयार किया गया है,विजयादशमी महोत्सव समिती की ओर से पिछ्ले 15 दिनो से रावण दहन की तैयारियां की जा रही है। रैरूमा से आये छत्तीसगढी कलाकारो द्वारा विशाल रावण की मूर्ति तैयार की जा रही है। शनिवार की देर शाम राम लक्ष्मण का रूप धरे बालको के हाथ दशानन दहन कराया जायेगा,उससे पहले शहर मे राम लक्ष्मण सीता की झांकी निकाली जायेगी। विजयादशमी महोत्सव समिती के व्यवस्थापक सुनील गर्ग ने बताया कि इस बार रावण दहन से पूर्व भयंकर आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है,उन्होने बताया कि राम लक्ष्मण की झांकी के साथ ग्रामीण क्षेत्र से आये कलाकार कर्मा नृत्य की प्रस्तुति देंगे,जिन्हे प्रथम,द्वितीय,तृतीय आने पर विजयादशमी समिती की ओर से पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होने बताया कि दशानन दहन से पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित कराये जायेंगे,जिसमे बतौर मुख्य अतिथी क्षेत्रिय विधायक गोमती साय का आगमन होगा।

## बस्तर दशहरा व मावली परघाव में शामिल होने आज निकलेगी मांईजी की डोली



### 20 अक्टूबर की शाम मांईजी की डोली आएगी वापस अपने धाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 12 अक्टूबर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के मावली परघाव रस्म में शामिल होने एवं दशहरा भ्रमण करने मांई दंतेश्वरी की डोली आज शाम दंतेवाड़ा से जगदलपुर के लिए निकलेगी। जिसकी तैयारी सुबह से चल रही है। दशहरा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद डोली 19 अक्टूबर को जगदलपुर से डोली की विदाई होगी जो 20 अक्टूबर की शाम मांई दंतेश्वरी की डोली अपने धाम पहुंचेगी। डोली निकासी को लेकर टेंपल कमेटी एवं मंदिर समिति के सदस्य तैयारियों में जूटे हुए हैं। फूलों से सुसज्जित वाहन में डोली को रखकर हर साल ले जाया जाता है। डोली को ले जाने के लिए वाहन को कई क्विंटल गेंदा के फूलों से सजाया जा रहा है। दोपहर तक वाहन सजाने का काम पूर्ण कर लिया जाएगा। संध्या पहर 3 बजे में डोली को मंदिर के सिंह द्वार पर परंपरानुसार हर्ष फायर कर सलामी दी जाएगी जिसके बाद सेवादार डोली एवं विग्रह को कांधों पर रखकर ससम्मान डोली को डंकनी नदी पुल उस पार मांईजी चबूतरा तक पहुंचाया जाएगा जहां टेम्पल कमेटी के पदेन अध्यक्ष कलेक्टर, विधायक एवं गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा डोली की पूजा की जाएगी जिसके पश्चात डोली को सुसज्जित वाहन में रखकर जगदलपुर के लिए रवाना किया जाएगा। शारदीय नवरात्र के अष्टमी तिथि पर प्रतिवर्ष बस्तर दशहरा में शामिल होने मांईजी की डोली एवं छत्र को जगदलपुर के लिए निकलती है लेकिन इस बार अष्टमी तिथि दो दिन पड़ जाने से डोली नवमीं तिथि को निकाली जा रही है। टेंपल कमेटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार माता की डोली आज नवमीं तिथि की संध्या पहर में निकाली जाएगी। परंपरा के अनुसार नवरात्र के पंचमी पर राजपरिवार बस्तर दशहरा में शामिल होने का आमंत्रण लेकर दंतेवाड़ा पहुंचता है। अपने आराध्य देवी को दशहरा एवं मावली परघाव रस्म में शामिल होने का निमंत्रण राजपरिवार के द्वारा दिया जाता है जिसके बाद डोली को प्रधान पुजारी द्वारा पंचमी तिथि में ही मंदिर से निकालकर पटसार में लाकर रखा जाता है। अष्टमी तिथि की शाम डोली की परंपरागत पूजा अर्चना की जाती है जिसके बाद माता की डोली को पुलिस के 5 जवानों द्वारा सिंह द्वार पर हर्ष फायर कर सलामी दी जाती है जिसके बाद पारंपरिक बाजा मोहरी की धुन पर नाचते गाते सेवादार माता की डोली एवं छत्र को अपने कंधो पर रखकर आगे बढ़ते जाते हैं इस बीच प्रजा डोली को देखने उसे स्पर्श करने के लिए आतूर हो उठती है। सभी भक्तगण डोली को स्पर्श कर माता का आर्शीवाद लेते हैं। डोली को डंकनी पुल उस पार फूलों से सुसज्जित वाहन में रखा जाता है जिसके बाद मंदिर कमेटी के पदाधिकारी, सेवादार, पुजारी, मांझी, चालकी आदि सभी लोग डोली के साथ जाते हैं। सर्वप्रथम डोली के हारम चौक पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाता है जिसके बाद माता की डोली आगे बढ़ती चली जाती है। डोली के लिए वाहन को फूलों से सजाने का काम सुबह से ही चल रहा है। कई क्विंटल फूलों की लडियों एवं वाहन को सजाया जा रहा है। मांईजी की डोली 12 अक्टूबर शनिवार को जगदलपुर जिया डेरा पहुंचेगी जहां राजपरिवार के सदस्यों की उपस्थिति में मावली परघाव रस्म होगी जिसके बाद डोली को लकडी से बने रथ पर रखकर बस्तर दशहरा के लिए नगर भ्रमण कराया जाएगा। करीब 8 दिनों तक बस्तर दशहरा के अलग अलग कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद मांईजी की डोली को परापरागत तरीके से विदाई होगी। 19 अक्टूबर को डोली जगदलपुर से वापसी के लिए रवाना होगी जो 19 अक्टूबर की देर रात डोली आंवराभाटा पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम के बाद डोली दूसरे दिन 20 अक्टूबर को अपने धाम दंतेश्वरी मंदिर के लिए निकलेगी। डोली आगमन कार्यक्रम भी धूम धडाके के साथ किया जाता है। नतर्क दल नाचते गाते, ढोल बजाते पूरे उत्साह के साथ डोली को मंदिर तक पहुंचाया जाता है इस दौरान भक्तों की भारी भीड़ जूटती है।



**जगदलपुर।** माई दंतेश्वरी के दरबार में हजारों भक्तों की भीड़ इस वर्ष भी लगी रही विदेशी पर्यटक बस्तर दशहरा का आनंद ले रहे हैं।



**जगदलपुर।** आज महाअष्टमी में अनुपमा चौक स्थित निशा जात्रा मंदिर में राजपरिवार द्वारा रात्रि 2 बजे पूजा कर 12 बकरों की बलि दी गई यह परंपरा आदि काल से चली आ रही है।

## बैठक में पीसी–पीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

**सुकमा, 11 अक्टूबर ।** जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में गुरूवार को पीसी-पीएनडीटी (पूर्व-गर्भाधान और पूर्व-प्रसव निदान तकनीक) एक्ट समिति की द्वि-मासिक बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कपिल कश्यप ने की। बैठक में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व लिंग चयन की रोकथाम को लेकर जिले में चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और एक्ट के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिया गया। समिति के सदस्यों ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड केंद्रों की निगरानी पर चर्चा की। साथ ही, अवैध लिंग परीक्षण पर और आम जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। डॉ श्रृष्टि बरवा चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय ने बताया कि किसी भी महिला का गर्भस्थ शिशु का लिंग परीक्षण करना कानूनन अपराध है। उन्होंने जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड मशीन की जानकारी दी और पीसी-पीएनडीटी एक्ट के तहत पारदर्शीता बरतने के लिए पंजीयन संबंधित सुझाव दिए। इस दौरान समिति के अन्य प्रमुख सदस्यों ने भी अपने विचार साझा किए और जिले में महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का चर्चा किये। बैठक में सीएस डॉ. एमआर कश्यप, डॉ. अनुजा चाटे स्त्री रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, श्री किशन कुमार जनसंपर्क विभाग, श्रीमती प्रमिला सिंह महिला सरक्षण अधिकारी, श्री आदर्श कुमार साम्यभूमि फाउंडेशन सहित अन्य उपस्थित थे।

## वैज्ञानिकों ने धान की परागण अवस्था और कीटरोग प्रबंधन के लिए सुझाव दिए



**सुकमा, 11 अक्टूबर ।** कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप व कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने बताया कि वर्तमान में जिले के मुरतोणडा, नीलावरम, पुजारीपाल, कांजीपानी, धोबनपाल, सोनाकुकानार, नयानार, छिंदगढ़ का मैदानी भम्रण के दौरान धान के खेत में देखा गया कि धान में गभोट की या फूल निकलने कि अवस्था दिखाई दे रही है। वैज्ञानिकों ने किसान को जरूरी सलाह दी, धान कि फसल मे परागण सुबह के समय होता है और सबसे उचित समय सुबह के 8 बजे से 10 बजे के बीच होता है जब वातावरण में आर्द्रता अधिक और तापमान कम होता है तो यह परागण को बढ़ाता है परागण के समय मौसम साफ हो तो उस समय धान के फूल का मुंह खुला रहता है और धान में स्व परागण इसी समय होता है। स्व परागण होने के बाद धान का फूल बंद हो जाता है। उसके बाद इसमें दूध का भराव होता है और दाने बनता है। परागण कि प्रक्रिया 8 से 10 दिन में पूरी हो जाती है। धान में इसी अवस्था में शीथ ब्लाइट, ब्लास्ट, हल्दी रोग, माहू, पेनिकल माइट व गंधी बग का प्रकोप दिखाई देता है। परागण के समय धान का मुंह खुला रहता है और इस समय हम कोई कीटनाशक या कवकनाशी का छिड़काव करते हैं तो हमारी धान की बालियां बंजर हो जाती है व उसमें दाने नहीं बन पाते हैं। धान की बाली पोचली या सुखी हुई दिखाई देती है इस समय किसान को ध्यान देना जरूरी है कि सुबह के समय छिड़काव ना करके शाम के समय या 3 बजे के बाद दवाई का छिड़काव करें और अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करें।

## धान में झुलसा रोग और गंधी बग प्रकोप की जानकारी दी और प्रबंधन उपाय बताए

**सुकमा, 11 अक्टूबर ।** बुधवार को कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार व चिराग परियोजना के एस.आर.एफ. यामलेशवर भोयर ने मैदानिक भम्रण के दौरान ग्राम पुजारीपाल के कृषक मित्र लच्छू राम भोयर व निलेश भोयर के धान में लगने वाले झुलसा रोग व गंधी बग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस रोग को जीवाणु जनित झुलसा रोग या बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट रोग भी कहते हैं। यह रोग जीवाणु से फैलता है। यह रोग पौधों की छोटी अवस्था से लेकर परिपक्व अवस्था तक यह बीमारी कभी भी लग सकती है। इस रोग में पत्तियां नोक अथवा किनारों से शुरू होकर मध्य भाग तक सूखने लगती हैं। सूखे हुए किनारे अनियमित एवं झुलसे हुये दिखाई देते हैं। संक्रमण की उग्र उवस्था में पत्ती सूख जाती है।

रोग ग्रसित पौधे कमजोर हो जाते है और उनमें कंसा कम निकलता है। दाने पूरी तरह नहीं भरता है व पैदावार कम हो जाती है। विशेषज्ञों ने इसके नियंत्रण बताया की हमें संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का उपयोग करना। झुलसा रोग के प्रकोप की स्थिति में नाइट्रोजन उवर्रक का प्रयोग न करें कि सलाह दी। साथ ही धान में जीवाणु जनित झुलसा रोग के लक्षण दिखने पर यदि पानी उपलब्ध हो तो खेत से अनावश्यक पानी निकालकर 3 से 4 दिन तक खुला रखें तथा 25 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर कि दर से छिड़काव करें।

## दुर्गा प्रतिमा विर्सजन के दौरान समिति स्वयंसेवक भी पुलिस का सहयोग करें



**पत्थलगांव, 11 अक्टूबर।** विजयादशमी का पर्व एवं मां जगत जननी की शोभायात्रा एवं उसके पश्चात होने वाले विर्सजन को लेकर थाना परिसर मे शांति समिती की बैठक आयोजित की गयी,जिसमे सभी पंडालो से समिती सदस्य मौजुद थे। पुलिस ने मां के विर्सजन के दौरान रूट चार्ट तैयार कर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने की बात कही। थाना प्रभारी विनीत पांडे ने सभी समिती के सदस्यों ने शांति पूर्वक शोभायात्रा निकालकर यातायात व्यवस्था का ख्याल रखने के सुझाव दिये। दिन शुक्रवार को मां के सभी पंडालो मे विर्सजन से पूर्व हवन पूजन शुरू हो गया था,शहर के भक्तो ने सात सुसज्जित पंडालो मे मां जगत जननी की पिछ्ले एक सप्ताह से अराधना की जा रही थी,मां की आज विदायी का वक्त आ गया। दिन शनिवार को सभी पंडालो से मां जगत जननी की विदायी को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी,जिसकी अगुवाई करमा नृतक दल करेगा। पुलिस ने भी सुरक्षा व्यवस्था काफी बढा दी है। एस.डी.ओ.पी धुव्रेश जायसवाल ने बताया कि मां जगत जननी की शोभा यात्रा को लेकर पुलिस बल की व्यवस्था की है,जो प्रत्येक शोभायात्रा के साथ रहेंगे। उन्होने दुर्गा समितीयों से अपिल करते हुये कहा है कि पुलिस बल के साथ-साथ सभी समितीयां अपने वालंटियर भी शोभा यात्रा के साथ रखे,जिससे पुलिस बल को सहयोग मिल सके। उन्होने कहा कि दुर्गा समितीयां विर्सजन के दौरान शोभायात्रा कतारबद्ध तरीके से निकालकर एक तरफ की सडक छोटी वाहनो की आवाजाही के लिए व्यवस्थित रख दे,जिससे शहर के अन्य लोगो को किसी प्रकार की परेशानी उठाना ना पडे। उन्होने बताया कि शोभायात्रा एवं दुर्गा विर्सजन से पूर्व ही बडी वाहनो को शहर के बाहर रोक दिया जायेगा,जिससे विर्सजन मे किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो। उनका कहना था कि पुलिस ने सुरक्षा के सभी उपाय किये है। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए रूट चार्ट तैयार किया गया है।।

### अष्टमी पर गरबा महोत्सव का हुआ आयोजन

**पत्थलगांव।** शहर मे सात से भी अधिक जगहो पर मां जगत जननी पिछ्ले नौ दिनो से विराजमान है। गुरूवार की देर शाम मां के सभी पंडालो मे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ लजीज व्यंजन का भोग लगाया गया था,यहा के रायगढ रोड मे अग्रसेन चौक के पास विराजमान मां जगत जननी के भव्य पंडाल मे गरबा नृत्य का आयोजन किया गया,जिसमे दर्जनो की संख्या मे महिलाओ के साथ युवतीयों ने भाग लिया,देर शाम शुरू हुआ इस आयोजन मे काफी संख्या मे भीड एकत्रित हुयी थी। महिलाओ ने मां के गीतो पर गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी,समिती ने इस आयोजन को संपन्न कराने के लिए काफी तैयारियां कर रखी थी। समिती के व्यवस्थापक सुशील अग्रवाल ने बताया कि गरबा नृत्य के पश्चात श्रद्धालुओ मे विशेष व्यंजन का प्रसाद वितरण किया गया था,उन्होने बताया कि मां जगत जननी के दरबार मे पिछ्ले सात दिनो से दोपहर को भंडारा का आयोजन किया जा रहा था,जिसमे शहर के लोगो के साथ-साथ आस-पास की पंचायतो के ग्रामीणो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होने बताया कि दिन शनिवार को विजयादशमी के रोज मां जगत जननी का विसर्जन से पूर्व शहर के प्रमुख मार्गो मे शोभा यात्रा निकाली जायेगी।।

# महिलाओं को सशक्त व स्वावलंबी बनाने महतारी सदन बनाए जाएंगे : सुधा साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**महासमुंद,11 अक्टूबर।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने भाजपा सरकार द्वारा महतारी सदन योजना की शुरूआत की जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक में 10-10 महतारी सदन बनाए जाऐंगे। जिसके माध्यम से ग्रामीण महिलाएं सुरक्षित रूप से रोजगार कर आत्मनिर्भर बन पाएंगी। श्रीमती साहू ने कहा कि शुरुआत में प्रदेश भर के लिए 179 महतारी सदन बनाने की स्वीकृति मिल चुकी है।

उक्त महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत महासमुंद विधानसभा में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयास से ग्राम झलप, पटेवा व ग्राम खट्टी से हो रही है। विधायक श्री सिन्हा ने माताओं-बहनों की सुरक्षा व उन्हें हो रही परेशानियों को देखते हुए महतारी सदन निर्माण की मांग की थी। जिसे मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्वीकृति दी है। अभी योजना की शुरुआत में उक्त तीन पंचायतों में सदन निर्माण किया जाएगा। भविष्य में और भी पंचायतों में महतारी सदन की स्वीकृति मिलेगी। श्रीमती साहू ने कहा कि इन सदनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महिलाएं अपने घर के पास ही रह कर कार्य कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि महतारी सदन से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में उम्मीद की नई किरण जागेगी। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी सदन योजना मिल का पत्थर साबित होगी। महतारी सदन योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। विष्णुदेव साय सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी।

जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की संवेदनशील पहल है। महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमें बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने इस महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत पर श्रीमती साहू ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है।

## एक नजर

### सदस्यता रथ को विधायक ने हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**महासमुंद,11 अक्टूबर।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा महासमुंद विधानसभा के लिए निकाली गई सदस्यता रथ को गुरुवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे महासमुंद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के सदस्यता अभियान का प्रचार-प्रसार करेगी।बता दें कि पूरे देश में भाजपा का सदस्यता अभियान जारी है। भाजपा से जुड़ने के लिए लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसी तारतम्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा गुरुवार को महासमुंद विधानसभा के लिए सदस्यता रथ निकाला गया। इसका शुभारंभ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने किया। विधायक सिन्हा ने अपने निवास स्थान से रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारधारा की पार्टी है। भाजपा हमेशा देश हित के लिए कार्य करती है। इसलिए देशभक्त नागरिक भाजपा से जुड़ रहे हैं। सदस्यता अभियान में आमजन भाजपा से जुड़ने के साथ देश के विकास में भी अपना योगदान दे रहे हैं। भारत को विश्व पटल में अग्रणी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा कार्य कर रही है।इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश मंत्री प्रखर मिश्रा, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक संदीप दीवान, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, सुधा साहू, अमन वर्मा, आकाश पांडे, अभिषेक पांडे, दिनेश रुपरेला, अमित साहू, नंदू जलक्षत्री, घनाराम साहू, रमेश पटवा सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### ओपी चौधरी ने 28.92 करोड़ से बनने वाली 5 सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

**रायगढ़, 11 अक्टूबर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज पुसौर विकासखंड में 28 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से बनने वाली 5 सड़कों के निर्माण का भूमिपूजन किया। जिसकी कुल लंबाई 31 कि.मी. है। इस मौके पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि हम लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे है। इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता और समय सीमा का पूरा ध्यान रखा जाए। वित्त मंत्री श्री चौधरी की पहल पर पुसौर क्षेत्र में छ.ग.शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा 5 सड़कों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिसमें सड़कों का उन्नयन एवं निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व विधायक श्री विजय अग्रवाल, श्री प्रवीण द्विवेदी, श्री यश अग्रवाल, श्री त्रिनाथ गुप्ता, श्री विरेन्द्र पटेल, श्री घनश्याम पटेल, श्री रत्थू लाल गुप्ता, श्री सुरेन्द्र जेना, खीरकुमारी डनसेना, श्री मोहित सतपथी, श्री मनोरंजन साहू, श्री उमेश, श्री जीवन पटेल, श्री ब्रजकिशोर शर्मा, श्री संतोष साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**इन सड़कों का होगा निर्माण**-जिन सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है उनमें पुसौर क्षेत्र के जिन मार्गो का उन्नयन एवं निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इनमें 8 करोड़ 71 लाख 61 हजार रुपये की लागत से 8.30 कि.मी.लंबाई के कोड़ातराई-पुसौर-सूरजगढ़ मार्ग का उन्नयन कार्य शामिल है। इसी तरह पुसौर-रेंगालपाली मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 10.00 कि.मी.लागत 6 करोड़ 14 लाख 32 हजार रुपये, बड़े भण्डार-उमरिया-पुसौर-रेंगालपाली मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 7.425 कि.मी.लागत 7 करोड़ 95 लाख 12 हजार रुपये, लोहरसिंह-लिंजिर मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 1.50 कि.मी.लागत 1 करोड़ 75 लाख 97 हजार रुपये तथा कोड़ातराई-लोहरसिंह-जोगीतराई मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 4.00 कि.मी.लागत 4 करोड़ 35 लाख 82 हजार रुपये के कार्य शामिल है।

**त्रिभौना में 53 लाख 55 हजार रुपये के कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन** - वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने त्रिभौना 53 लाख 55 हजार रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। यहां उन्होंने 20 लाख की लागत से पुलिया निर्माण, 7 लाख की लागत से गायत्री मंडप शेड निर्माण, 16 लाख 55 हजार रुपये की लागत से गांव में सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण तथा 10 लाख की लागत से मेन रोड से पुलिया तक सड़क निर्माण का भूमिपूजन कार्य शामिल है।वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने इस दौरान पीएम आवास योजना के गृह प्रवेश और भूमिपूजन में भी शामिल हुए। वे श्रीमती पुष्पा सिदार पति श्री पन्चू सिदार के गृह प्रवेश में शामिल हुए >

# विकास कार्यों को निरंतर दे रहे गति:ओपी चौधरी



**रायगढ़, 11 अक्टूबर।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-त्रिभौना में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनसामान्य के समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गांव में ही जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। ताकि जनसामान्य को शिविर का लाभ मिले। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि त्रिभौना में 29 लाख रुपये की लागत से बनने वाले महतारी सदन के लिए शासन से स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने स्कूल के मांग पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की।वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य शासन सभी वर्गो को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। जिसमें किसानों के हित में विगत 25 दिसम्बर को स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर दो साल के बकाया बोनस के साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपये में खरीदी की गई। इसी तरह केलो डेम का पानी किसानों के खेतों तक पहुंचाने का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र के किसान प्रगतिशील खेती के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे। शासन द्वारा लंबित आवास निर्माण कार्य को गति देने के साथ ही 9 लाख से अधिक परिवारों को आवास निर्माण हेतु पहला किस्त जारी किया गया है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने एवं उनके पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं के खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे निर्माणाधीन कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुसौर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। मुझे खुशी है कि यहां के बच्चे अच्छे विश्वविद्यालय में पढ़ रहे है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि केवल गिनती की पढ़ाई न करें। शिक्षा वह माध्यम है जो स्किल सीखता है एवं मार्ग प्रशस्त करता है। साथ ही उन्होंने पुसौर क्षेत्र में आज उनके द्वारा किए गए लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इसी तरह क्षेत्र के विकास के लिए आगे भी निरंतर कार्य किए जायेंगे। ग्राम-त्रिभौना में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शिविर से पूर्व ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त 1582 आवेदनों में से 1574 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। इसी प्रकार आज आयोजित शिविर में 374 आवेदनों में से लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गोपिका गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुसौर श्री सुशील भोय, उपाध्यक्ष श्री गोपी चौधरी, सरपंच श्री राजीव गुप्ता, श्री विजय अग्रवाल, श्री रत्थू लाल गुप्ता, श्री त्रिनाथ गुप्ता, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही -आयोजित शिविर में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने आज प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजनान्तर्गत पूर्ण आवासों के 11 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण-पत्र सौंपा। इसी तरह खाद्य विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा दो हितग्राही को आईस बॉक्स एवं दो को मत्स्य जाल वितरण कया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना से लाभान्वित किया गया। एक हितग्राही को अनुदान में पाईप वितरण तथा एक हितग्राही को शाकम्भरी योजना अंतर्गत डीजल पंप प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को पौध वितरण, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजनान्तर्गत तुरंगा एवं मचिदा के 10 हितग्राहियों को नये स्वीकृत आवास प्रमाण-पत्र तथा 10 हितग्राहियों को प्रथम किस्त का प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

## महापौर ने नगरवासियों को दी विजयादशमी पर्व की बधाई

**राजनांदगांव 11 अक्टूबर ।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नागरिकों को विजयादशमी पर्व पर अपनी अनन्य शुभकामनाएं देते हुये कहा कि यह पर्व मानव मात्र को लोक कल्याण की भावना से जुडने की प्रेरणा देता है ।

महापौर श्रीमती देशमुख ने नागरिकों को भारतीय संस्कृति से जुड़े विजयादशमी,दशहरा पर्व की बधाई देते हुए इस पर्व को परंपरागत रूप से मनाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है । इस दिन शमीपूजन का भी विशेष महत्व है और यह पर्व वर्षा ऋतु की समाप्ति और शरद ऋतु के आरंभ का सूचक है।

निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा,श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, अमीन हुद्दा, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ठ सभापति श्री गामेन्द्र नेताम,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री एवं पार्षदों ने नागरिकों को इस प्रसंग पर अपनी शुभकामनाएं देते हुये बुराई का त्याग कर भगवान राम के आदर्शो पर चलने की अपील की है।

# बस्तर दशहरा की बेल न्यौता रस्म पूरी,बस्तर राजपरिवार सदस्य कमलचंद भंजदेव, बस्तर सांसद महेश कश्यप रहे मौजूद

**जगदलपुर, 11 अक्टूबर।** बस्तर दशहरा पर्व के लिए महत्वपूर्ण रस्म बेल पूजा की अदायगी आज गुरुवार को की गई. इस रस्म में बेलवृक्ष और उसमें एक साथ लगने वाले दो फलों की पूजा का विधान है. ऐसे इकलौते बेलवृक्ष को बस्तर के लोग अनोखा और दुर्लभ मानते हैं. शहर से लगे ग्राम सरगीपाल में वर्षो पुराना एक बेलवृक्ष है. जिसमें एक के अलावा दो फल भी एक साथ लगते हैं. आज बस्तर राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव ,बस्तर सांसद व दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, कुमार जयदेव, नवीन ठाकुर सहित मांझी , चालकी एवम जिला प्रशासन, दशहरा समिति के सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

बस्तर दशहरा के दौरान अनोखे बेल की पूजाः- इस अनोखे बेलवृक्ष और जोड़ी बेल फल की पूजा-अर्चना परंपरा अनुसार की गई. इसी के साथ गुरुवार की दोपहर बेलन्योता विधान संपन्न हुआ.यहां के ग्रामीणों की माने तो इस वृक्ष के आगे और पीछे दो और बेलवृक्ष हैं. लेकिन इनमें केवल एक ही फल लगता है. आमतौर पर बस्तर दशहरा पर्व के प्रमुख विधानों की जानकारी ही आम लोगों तक पहुंचती रही है. बेल पूजा विधान की वास्तविकता के बारे में पता लगाने पर एक रोचक कहानी सामने आई।

**गांव में उत्सव जैसा रहता है माहौलः**-बेल पूजा विधान रस्म के दौरान सरगीपाल में काफी उत्साह का माहौल बना रहता है. मानो एक शादी का समारोह सम्पन्न किया जा रहा हो. लोग नाचते गाते हैं. बैंड बाजा की धुन में सभी वर्ग के लोग थिरकते हैं. छोटे बच्चे से लेकर सभी वर्ग के लोग इस दौरान शामिल रहते हैं. अपने घरों से निकलकर पूजा स्थल पहुंचते हैं।

**विदेशी भी बस्तर दशहरे का लेते हैं आनंद :** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरे को देखने के लिए फ्रांस से पहुंचे पर्यटक लुक ने कहा कि बस्तर में आकर उन्हें काफी अच्छा लगता है. वे इससे पहले भी बस्तर आये हैं. वो बस्तर दशहरा की सभी रस्मों को देख रहे हैं. साथ ही अपने कैमरे में भी तस्वीरों को कैद कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि फ्रांस में भी कई त्योहार मनाए जाते हैं. लेकिन बस्तर दशहरा पर्व की तरह कुछ मनाया नहीं जाता. यही कारण है कि इस अनोखी परमपरा को देखने के लिए बस्तर आये हैं।

## भेड़ीकला में 13 को विशाल भंडारा

**राजनांदगांव।** शहर से लगे ग्राम भेड़ीकला मे युवा सरस्वती उत्सव समिति प्रज्ञा चौक मे 13 अक्टूबर को विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के व्यवस्थापक कृष्णा साहू एवं झन्नेश देवांगन एवं समस्त सदस्यों ने माता के भक्तों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर मातारानी का प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

# जिले के 21 हजार से अधिक लोगों को पीएम आवास की सौगात खाद्य मंत्री ने दी

**महासमुंद।** जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल पटेवा में आयोजित जिला स्तरीय आवास मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मेले में जिले के 21 हजार से अधिक हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति की सौगात दी। साथ ही नए स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन तथा आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों का सांकेतिक गृह प्रवेश के साथ ही आवास एवं चाबी का डेमो सौंपा गया।प्रभारी मंत्री बघेल ने कहा कि गरीबों के पक्के मकान का सपना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री बनते ही श्री साय ने प्रदेश के 18 लाख लोगों को पक्का मकान की स्वीकृति प्रदान की। खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित जनप्रतिनिधियों ने मेले में जिले के 18 आवासहीन ग्रामीण परिवारों को नए स्वीकृत हुए आवास का स्वीकृति पत्र वितरण, जिले के 10 लाभार्थियों को नए आवास की पूर्णतः प्रमाण पत्र और सांकेतिक चाबी भेंट की। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 10 प्रशिक्षित राजमिस्त्रियों को प्रमाण पत्र और टूल किट का वितरण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच पटेवा जमुना सिन्हा, 6 सचिव व 10 रोजगार सहायकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान मंत्री बघेल ने जिला पंचायत, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास एवं अन्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। मंत्री बघेल ने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में 4 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 2 हितग्राहियों को सिकलसेल दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला बाल विकास के स्टॉल में तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें सुपोषण किट प्रदान की गई। वहीं तीन नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इसी प्रकार मंत्री बघेल द्वारा 5 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री ने बिहान दीदीयों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन किया।विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इससे सामाजिक स्थिरता और विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकार का उद्देश्य हर गरीब परिवार को एक सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करना है। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना के तहत हितग्राहियों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएगी, जैसे बिजली, पानी और स्वच्छता। कलेक्टर लंगेह ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सामान्य श्रेणी के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्थाई प्रतीक्षा सूची के 21331 हितग्राही एवं आवास प्लस के 400 हितग्राही सहित कुल 21731 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है। शेष हितग्राहियों का पंजीयन एवं स्वीकृति की कार्रवाई कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा। जिसमें से प्रथम किस्त में 19988 परिवारों को कुल 79 करोड़ 95 लाख 20 हजार रुपए उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से जारी हो गया है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2016-24 तक कुल 73266 आवासों की स्वीकृति किया गया है। जिसमें से 69737 (95.18 प्रतिशत) आवास पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय महाभियान योजना (पीएम जनमन योजना) अंतर्गत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय के 582 पात्र परिवारों का आवास स्वीकृत किया गया है, जिसमें 95 आवास पूर्ण कर लिया गया है। पीएम जनमन आवास योजना में निर्माण के लिए अब तक 24.08 करोड़ की राशि जारी की गई है। शेष प्रगतिरत आवासों को दिसम्बर तक पूर्ण कराने का लक्ष्य रखा गया है।



## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह में बालिका सुरक्षा के लिए लोगों को किया गया जागरूक



**बीजापुर,11 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन मे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का आयोजन 2 अक्टूबर से करते हुए पूरे 13 अक्टूबर तक पखवाड़े का आयेजन किया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिले में लड़कियों की सुरक्षा करना, भ्रूणहत्या, कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक करना, महिला शिक्षा का बढ़ावा देना, लैंगिग पूर्वाग्रह के खिलाफ जागरूकता फैलाना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के सशक्तिकरण मुद्दों के प्रति जागरूक करना,माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता, पोषण के महत्व एवं सही पोषण की जानकारी दिया जा रहा है एनीमिया से कैसे बचाव किया जा सकता है इसकी भी जानकारी दिया जा रहा है इस दौरान स्कूल आश्रम के बच्चों एवं ग्राम पंचायतो में महिलाओं एवं किशोरियों को महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनी अधिकारों से जागरूक करते हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, कार्य स्थल पर यौन प्रतिषेध नियम, टोन्ही प्रताड़ना अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाईन 181 के बारे में जानकारी देने के साथ ही बालिकाओ को शिक्षा, पोषण, चिकित्सा देखभाल, भेदभाव, हिंसा एवं बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जिले में बीजापुदूर्त स्वयं सेवकों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है विश्व मानसिक दिवस पर भी कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। महिला संरक्षण अधिकारी श्रीमती शीला भारद्वाज, सुश्री पुष्पा बंजारे, समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक, सुश्री लेखिका साहू, श्री महेन्द्र कश्यप, सुश्री शिवरात्रि द्वारा का भी प्रचार-प्रसार किया गया है।

## रेत वाहन संघ का हुआ गठन, गिरधारी राठी जिला अध्यक्ष,प्रदीप टांडिया बने सचिव

**बीजापुर,11 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में रेत वाहन संचालकों ने अपने अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए रेत वाहन संघ का गठन किया है। सभी सदस्यों ने सर्वसहमति से गिरधारी राठी को जिला अध्यक्ष बनाया वन्ही प्रदीप टांडिया को सचिव बनाया गयानवनियुक्त अध्यक्ष गिरधारी राठी ने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य रेत वाहन संचालकों की समस्याओं का समाधान करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संघ सरकार और प्रशासन के साथ मिलकर काम करेगा और रेत वाहन संचालकों की मांगों को पूरा करने के लिए प्रयास करेगा।संघ के सचिव प्रदीप टांडिया ने कहा कि संघ का गठन रेत वाहन संचालकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि संघ के माध्यम से वे अपनी समस्याओं का समाधान कर सकेंगे और अपने अधिकारों की रक्षा कर सकेंगे।बीजापुर जिले के रेत वाहन संचालकों ने संघ के गठन का स्वागत किया है और कहा है कि वे गिरधारी राठी के नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं। इस दौरान बीजापुर मुख्यालय के सभी रेत वाहन मालिक उपस्थित हुए ओर रेत प्रति ट्रिप की दर भी 5000? तय की गई ,साथ ही संघ की अगली बैठक 14 अक्टूबर 2024 को मिंगाछ्ल में रखने का निर्णय लिया गया।



## आवास मॉडल प्रदर्शनी के माध्यम से आवास निर्माण के लिए किया लोगों का मार्गदर्शन



**बीजापुर,11 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने ब्लाक स्तरीय आवास मेला का आयोजन जनपद पंचायत बीजापुर के ग्राम पंचायत तोयनार में आयोजित किया गया जिसमें ग्राम पंचायत तोयनार के अलावा ग्राम पंचायत पापनपाल, धनोरा, मोरमेड़ सहित अन्य गांवो के ग्रामीण एवं हितग्राही शामिल हुए। आवास मेला का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास का निर्माण शासन के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करना है। तोयनार में आयोजित आवास मेला नावा लोन - नावा अभियान÷ मेरा घर मेरा अभियान को आकर्षक और हितग्राहियों के लिए लाभकारी बनाने आवास मॉडल का प्रदर्शनी भी लगाया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से हितग्राहियों को आवास निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी सुगमतापूर्वक दिया गया।आवास मेला के आयोजन के दौरान आवास पूर्ण होने पर 3 हितग्राहियों को नए घर की प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपा गया। वहीं 4 हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्रक वितरण करते हुए घर निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया।पसरपंच, सचीव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## तीन आत्मसमर्पित नक्सलियों को 10 लाख का ईनाम स्वीकृत

**बीजापुर,11 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत जिले में तीन आत्मसमर्पित नक्सलियों को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने 10 लाख के ईनाम राशि स्वीकृत किया है। जिसमें एक को 2 लाख, एक को 3 लाख एवं एक अन्य को 5 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।

## 110 बंदियों और स्टाफ को दिया गया मानसिक स्वास्थ्य का प्रशिक्षण

**महासमुंद,11 अक्टूबर।**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद के संबद्ध जिला चिकित्सालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 7 से 11 अक्टूबर तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और मानसिक रोगियों को सहायता प्रदान करना है। डॉ. रेणुका गाहिने, अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद, डॉ. पी. कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत माहेश्वरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीलू घृतलहरे के आदेशानुसार एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, डॉ. घनश्याम साहू सहायक अस्पताल अधीक्षक के समन्वय से अभियान के दौरान जिला जेल महासमुंद में 110 बंदियों और स्टाफ को मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही स्पर्श क्लीनिक (कक्ष क्रमांक-64) में 51 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां और मनोसामाजिक परामर्श प्रदान किया गया। कार्यशाला में मानसिक रोग के लक्षणों की पहचान, तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकथाम जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बंदियों और स्टाफ को मानसिक रोग के लक्षणों की जानकारी दी गई।

## एक नजर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छग प्रवास पर 25 को आएंगी

**रायपुर, 11 अक्टूबर।** रायपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 और 26 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी. इस दौरान वे प्रदेश में विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी. राष्ट्रपति के दौरे का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम 25 अक्टूबर 2024 (पहला दिन) सुबह 11 बजे: राष्ट्रपति का रायपुर एयरपोर्ट पर आगमन. सुबह 11:30 बजे: रायपुर एम्स के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी. दोपहर 1 बजे: एम्स से रवाना होकर राजभवन पहुंचेंगी. दोपहर 3 बजे: एनआईटी रायपुर के 14वें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी. शाम 4:30 बजे: नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में स्थानीय आदिवासियों से मुलाकात. शाम 6 बजे: राजभवन लौटेंगी और रात्रि विश्राम करेंगी. 26 अक्टूबर 2024 (दूसरा दिन): सुबह 9 बजे: विवेकानंद सरोवर, रायपुर का दौरा. सुबह 10 बजे: रायपुर एयरपोर्ट से भिलाई के लिए प्रस्थान. सुबह 11 बजे: आईआईटी भिलाई के चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी. दोपहर 1:30 बजे: भिलाई से वापस रायपुर स्थित राजभवन लौटेंगी. दोपहर 3:30 बजे: पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति चिकित्सा एवं आयुष विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी. शाम 5 बजे: दीक्षांत समारोह के बाद दिल्ली के लिए रायपुर एयरपोर्ट से प्रस्थान करेंगी.

### सफाई करने का झांसा देकर सोने के जेवर लेकर फरार

**रायपुर, 11 अक्टूबर।** रविदास नगर आरंग में पुराने बर्तन के बदले नए बर्तन देने का झांसा देकर सोने का जेवर लेकर फरार हो गए। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रायमति मिरधा 40 वर्ष रविदास नगर आरंग की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया अनिता देवी ने प्रार्थिया के घर में आकर पुराने बर्तन के बदले नये बर्तन देती हू कहकर आई और प्रार्थिया के सोने के माला को सफाई करके दूंगी कहकर लेकर फरार हो गई। चोरी गए सोने की कीमत करीब 1 लाख 65 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निधन

#### गिरिजा शुक्ला

**रायपुर, 11 अक्टूबर।** श्रीमती गिरिजा शुक्ला धर्मपत्नी स्वर्गीय दानेश्वर प्रसाद शुक्ला निवासी महोबा बाजार का 10 अक्टूबर को निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार आज महादेव श्मशान घाट में किया गया। वे प्रेम शुक्ला, धर्मेश शुक्ला एवं नीता शुक्ला की माता थीं।



# विजयादशमी 12 को, कई स्थानों पर होगा रावण दहन

## शारदीय नवरात्र का आज हवन-पूजन के साथ समापन

■ रावण दहन स्थल पर की जाएगी पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 अक्टूबर।** असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। राजधानी के परम्परागत स्थानों डब्ल्यूआरएस कालोनी, रावणभाठा, रामकुण्ड, शंकर नगर सहित अन्य स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। डब्ल्यूआरएस कालोनी में राज्यपाल रमेन डेका के आगमन को देखते हुए सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए जा रहे हैं। आज अष्टमी एवं नवमीं एक साथ होने के कारण अनेक स्थानों पर हवन-पूजन एवं कन्यापूजन किया गया।

नगर निगम तथा कई समितियों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में आज समता कालोनी, जवाहर नगर, एमजी रोड, मेडिकल काम्प्लेक्स, मालवीय रोड सहित अनेक स्थानों पर कन्यापूजन के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया। बताया जाता है कि तेल व आटे की भारी मांग को देखते हुए इसके भाव भी बढ़ गए हैं। तेल 14 सौ रुपए टिन से बढ़कर 1700 सौ रुपए हो गया है। आटे का भाव भी काफी बढ़ गया है। भक्तों ने अनेक स्थानों पर हवन का भी कार्यक्रम किया। नगर के ऐतिहासिक देवी मंदिरों में हवन पूजन कर अब माता दुर्गा की प्रतिमा को विदाई दी जाएगी। बंगाली समाज ने भी माता की पूजा के पश्चात सिंदूर खेला।

### कुण्ड में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडेय दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए संयोजक बनाए गए हैं। इसके अलावा कई अधिकारियों एवं गोताखोरों की भी ड्यूटी लगाई गई है। राजधानी में 100 से अधिक स्थानों पर आकर्षक प्रतिमाएं बिठाई गई है। 12 अक्टूबर को प्रातः 6 बजे से देवी प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही जंवारा विसर्जन का भी कार्यक्रम होगा। रामसागरपारा से प्रति जंवारा निकलती है जिसे कंकाली तालाब में विसर्जित किया जाता है। निगम अधिकारियों के अनुसार जिस स्थानों पर परम्परागत रूप से दुर्गा बैठाया जाता है उसमें डब्ल्यूआरएस कालोनी, रामकुंड, चौबे कालोनी, राजेन्द्र नगर, शंकर नगर, रावांभाठा है। यहां पर सफाई एवं सुरक्षा की व्यवस्था की जाएगी। राजधानी में नौ दिनों से चला आ रहा शारदीय नवरात्र आज समाप्त हो जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जंवारा विसर्जन सहित अन्य कार्यक्रम होंगे। राजधानी के अनेक स्थानों पर जसगीत की धूम रही। मंदिरों में माता दुर्गा की स्तुति एवं आरती होने से माहौल भक्तिमय बन गया है।

हवन-पूजन



**रायपुर, 11 अक्टूबर।** शिवधाम परिसर तुलसी स्थित मां महाकाली (अघोरेश्वरी) मंदिर में आज अष्टमी के अवसर पर हवन-पूजन किया गया।

अर्पण दिव्यांग स्कूल में अनोखा आयोजन

# गरबा की धुन पर थिरके मूक-बधिर बच्चों के पांव





**रायपुर, 11 अक्टूबर।** मूक-बधिर बच्चों को गरबा की धुन पर गरबा करते देख हर कोई अचंभित रह गया। सुनने की क्षमता नहीं होने के बाद भी इन बच्चों के पैर धुन के साथ थिरक रहे थे। सेक्टर 1, बजाज कालोनी, राजेन्द्र नगर स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में रायपुर रॉयल लेडिस सर्कल 197 के सहयोग से विशेष बच्चों के लिए स्कूल प्रांगण में गरबा नृत्य व भोजन का आयोजन किया गया। मूक-बधिर बच्चों ने गरबा ड्रेस में अपनी कला का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने उनकी इस नृत्य कला की खूब सराहना की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य स्काउट एवं गाइड्स के मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने कहा कि ये बच्चे भगवान के रूप हैं। इनकी सेवा ही सच्ची सेवा है। यादव ने बच्चों के लिए स्काउट एवं गाइड्स का ड्रेस देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश बाजपेयी, स्काउट्स एंड गाइड्स के कोषाध्यक्ष मुरली शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर व सभापति प्रमोद दुबे ने की। रायपुर रॉयल लेडिस सर्कल 197 के पदाधिकारियों रुना शर्मा मिसेस इंडिया, संस्था की अध्यक्ष नम्रता साहू, आरआरएलसी की चेयरपर्सन शिखा गोयल, राउण्ड टेबल के अध्यक्ष विकास चुगानी, एटी ज्वेलर्स के डायरेक्टर निकेश बरड़िया, अंकिता बरड़िया, विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कुछ फर्ज हमारा भी है संस्था सहित हर संभव फाउंडेशन की पुष्पलता त्रिपाठी तथा शुभम व उनकी टीम ने बच्चों के साथ गरबा किया। इस मौके पर मधु अरोरा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एटी ज्वेलर्स की ओर से निकेश बरडिया व अंकिता बरडिया ने बेस्ट गरबा ड्रेस के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में चांदी के सिक्के प्रदान किए। एम्ब्रोसिया की ओर से भोजन का प्रबंध किया गया था। आभार प्रदर्शन अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की कोआर्डिनेटर सीमा छाबड़ा ने किया।

# 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा यूरोलॉजी जागरूकता दिवस



**रायपुर, 11 अक्टूबर।** यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया ने 13 अक्टूबर को यूरोलॉजी जागरूकता दिवस मनाने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य सामान्य जनता को यूरोलॉजी की की जानकारी देने के साथ ही यूरोलॉजी से संबंधित बीमारियों के होने पर एक यूरोलॉजिस्ट से ही उचित परामर्श लेकर जांच व उपचार करने के लिए जागरूक किया जाएगा। आमतौर पर देखा जाता है कि लोगों को यह जानकारी ही नहीं रहती की किसी भी तरह की बीमारी होने पर उनके विशेषज्ञ डॉक्टर के पास ही जाना चाहिए ताकि समय में उचित इलाज प्राप्त किया जा सके।

13 अक्टूबर को यूरोलॉजी जागरुकता दिवस के माध्यम से आमजनों को मूत्र संबंधी रोगों के बारे में समझाने और जागरूक करने के लिए मूत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा महती भूमिका निभाई जाएगी। इंटरनेट क्रांति के इस युग में लोगों में जागरूकता का आभाव है। मूत्र संबंधी बीमारियां लोगों के जीवन प्रभाव डाल सकती है। इस सम्बंध में आज जागरुकता सीमित है। इस क्षेत्र में पेशेवरों के रूप में, हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता को विभिन्न मूत्र संबंधी विकारों के बारे में सूचित करें, जिनमें मूत्र पथ के संक्रमण जैसे सामान्य मुद्दों से लेकर प्रोस्टेट कैंसर या गुर्दे की पथरी जैसी अधिक जटिल स्थितियां शामिल है। रोगियों के लिए योग्य विशेषज्ञों से समय पर उपचार लेने के महत्व को समझना आवश्यक है।

यूरोलॉजी जागरूकता दिवस उन योग्यताओं को भी स्पष्ट करने के लिए है जो एक सक्षम मूत्ररोग विशेषज्ञ की पहचान कराती है। हममें से जो लोग यूरोलॉजी में एमसीएच या डीएनबी या एफआरसीएस रखते हैं, उन्होंने कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है और अपने रोगियों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस है। यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे जनता तक पहुंचाएं, यह सुनिश्चित करते हुए कि उन्हें पता हो कि उन्हें अपनी मूत्र संबंधी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए किसके पास जाना है।

प्रेसवार्ता में डॉ. प्रशांत भागवत प्रेसिडेंट छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी सोसायटी, डॉ योगेश बारापात्रे सेक्रेटरी छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी सोसायटी, डॉ आशीष शर्मा, डॉ अमित शर्मा, डॉ. राहुल कपूर, डॉक्टर अजय पाराशर, डॉ हर्ष जैन, डॉ दीपक बिस्वाल, डॉ सत्यदेव शर्मा, डॉ मलय, डॉ राजेश अग्रवाल, डॉक्टर संदीप अग्रवाल, डॉ. सूरज जाजू, डॉ. सुरेश सिंह, डॉ. तुषार दानी, डॉ. वरुण शर्मा उपस्थित रहे।

# 1 नवंबर से हो धान खरीदी, लक्ष्य हो 200 लाख मीट्रिक टन: बैज

**रायपुर, 11 अक्टूबर।** रायपुर कांग्रेस ने मांग की है कि धान खरीदी 1 नवंबर से घोषित की जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश में अमूमन 1 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होती है। इस बार बारिश अच्छी हुई है, फसल भी अच्छी है अतः पैदावार अधिक होने की संभावना है इसलिये सरकार इस वर्ष धान खरीदी 1 नवंबर से चालू करे तथा खरीदी का लक्ष्य भी बढ़ाकर 200 लाख मीट्रिक टन किया जाये ताकि किसानों की पूरी पैदावार की सरकार खरीदी कर सके।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी के लिये सरकार के द्वारा बनाई गई मंत्रिमंडलीय उपसमिति ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है जिसके कारण किसानों में चिंता की लहर है। सरकार यदि 1 नवंबर से धान की खरीदी करती है तो उसके लिये अभी से तैयारी करनी पड़ेगी तभी धान खरीदी सुचारू रूप से हो पायेगी।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले वर्ष खरीफ फसल 2023 के धान की खरीदी के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ गई थी। कांग्रेस की सरकार के सुशासन के कारण प्रदेश के किसानों के द्वारा इतिहास का सर्वाधिक धान उत्पादन किया गया। इसीलिए समर्थन मूल्य पर अब तक की सर्वाधिक 144 लाख 92 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। जो अनुमानित मात्रा 130 लाख मीट्रिक टन से 15 लाख मीट्रिक टन अधिक थी। राज्य सरकार द्वारा धान की इस मात्रा के भंडारण, मिलिंग तथा चावल के उपार्जन एवं भंडारण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई गई। भारतीय जनता पार्टी की लचर सरकार के कुशासन के कारण इस संपूर्ण धान की न तो समय पर मिलिंग हुई और न ही खरीदी केन्द्रों तथा संग्रहण केन्द्रों पर बचे हुए धान की सुरक्षा एवं रखरखाव की समुचित व्यवस्था की गई। इसका दुष्परिणाम यह हुआ है कि सितंबर 2024 की स्थिति में धान खरीदी केन्द्रों से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान का उठाव तथा संग्रहण केन्द्रों से 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया जा सका है। खरीदी केन्द्रों पर जो 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान शेष दिख रहा है वह पूरी तरह से नष्ट हो चुका है, इस धान की कुल लागत 166 करोड़ 56 लाख रूपये होती है। यह शुद्ध रूप से राष्ट्रीय क्षति है। संग्रहण केन्द्रों में शेष धान 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल की कुल लागत 870 करोड़ 99 लाख रूपये होती है, इसमें से भी अधिकांश धान पानी से डैमेज हो चुका है, इसलिए कस्टम मीलिंग के लिए राईस मिलर्स इसका उठाव नहीं कर रहे हैं। यदि उठाव नहीं होगा तो इस वर्ष धान खरीदी में बाधा आयेगी।

### उचित मूल्य दुकान में मिली खामियां संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

रायपुर, 11 अक्टूबर। खाद्य निरीक्षक की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने शासकीय उचित मूल्य दुकान राजातालाब के संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया वीणा किरण साहू 33 वर्ष कलेक्टर कार्यालय में खाद्य निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। प्रार्थिया ने राजातालाब स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में दबिश देकर जांच की तो वहहां बहुत से खामियां पाई गई। जिसमें स्टॉक रजिस्ट्रर, स्टॉक बोर्ड पात्रता संबंधी जानकारी व सूची चस्पा नहीं था। वहीं दुकान का स्टॉक चेक करने पर 1728 क्विंटल चावल, 38 क्विंटल शक्कर व 26 क्विंटल नमक भी नहीं था।

# शराब और राइस मिलिंग घोटाले में पीएमएलए के तहत शिकायतें दर्ज

**रायपुर, 11 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में शराब और राइस मिलिंग घोटाले में चल रही जांच के सिलसिले में, प्रवर्तन निदेशालय रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अलग-अलग अभियोजन शिकायतें दर्ज की हैं।

छत्तीसगढ़ के रायपुर में विशेष न्यायालय में 19 जून, 2024, 30 अगस्त, 2024 के बाद तीसरी शिकायत 5 अक्टूबर, 2024 को प्रस्तुत की गईं। जिसमें कुल नौ व्यक्तियों और संस्थाओं को आरोपी बनाया गया। आरोपितों में अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, मेसर्स पेट्रोसन बायो रिफाइनरीज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ढिल्लों सिटी मॉल प्राइवेट लिमिटेड, अमित सिंह, मेसर्स आदिप एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड, अनवर ढेबर और अरुणपति शामिल हैं। न्यायालय ने शिकायतों का संज्ञान 5 अक्टूबर, 2024 को लिया।

ईडी-आरपीजेडओ ने अपनी जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) और छत्तीसगढ़ की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद शुरू की। जांच में 2019 से 2022 के बीच बड़े पैमाने पर हुए शराब घोटाले का पता चला, जिसके दौरान अभियुक्तों ने प्रणालीगत भ्रष्टाचार के माध्यम से अपराध से आय (पीओसी) अर्जित की। इन गतिविधियों में देशी शराब की बिक्री के लिए तीन भट्टियों से अवैध कमीशन वसूलना, अवैध रूप से कच्ची शराब का उत्पादन करना और उसे सीधे सरकारी दुकानों पर बेचना शामिल था। और एफएल-10ए लाइसेंस धारकों से कमीशन अर्जित करना: छत्तीसगढ़ में सरकारी गोदामों में विदेशी शराब की पुनर्बिक्री के लिए, जिससे लगभग 10 प्रतिशत



कमीशन मिलता था। ईडी-आरपीजेडओ की जांच से पता चला है कि इस घोटाले से राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ, जबकि सिंडिकेट के लाभार्थियों को 2, 100 करोड़ रुपये से अधिक की आपराधिक आय हुई। एजेंसी ने पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, अरविंद सिंह, त्रिलोक सिंह ढिल्लों, अनवर ढेबर और अरुणपति त्रिपाठी सहित प्रमुख व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, 18 चल और 161 अचल संपत्तियों सहित लगभग 205.49 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है।

पीएमएलए के तहत न्यायाधिकरण ने 7 अक्टूबर, 2024 को इस कुर्की की पुष्टि की। ईडी-आरपीजेडओ इस बड़े पैमाने के घोटाले के पीछे के नेटवर्क को ध्वस्त करने लगातार जांच कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर ने कस्टम राइस मिलिंग घोटाले के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत 28.06.2024 को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), रायपुर, छत्तीसगढ़ के समक्ष अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। मनोज सोनी, आईटीएस अधिकारी और छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के तत्कालीन प्रबंध निदेशक और छत्तीसगढ़ राज्य चावल मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विशेष न्यायालय ने 05.10.2024 को पीसी का संज्ञान लिया है और आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए मामले को 26.10.2024 को सूचीबद्ध किया है। ईडी ने आयकर विभाग, रायपुर द्वारा मनोज सोनी, रोशन चंद्राकर और अन्य के खिलाफ आईपीसी, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत कथित आपराधिक साजिश और छत्तीसगढ़ राज्य के चावल मिल मालिकों से अनुचित वित्तीय लाभ प्राप्त करने के लिए जबरन वसूली के आरोप में दर्ज एक पीसी के आधार पर जांच शुरू की थी।

ईडी की जांच में पता चला है कि खरीफ वर्ष 2021-2022 के दौरान, राज्य सरकार ने चावल मिलिंग के लिए निर्धारित प्रोत्साहन राशि को 40 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 120 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। इसके बाद, मार्कफेड के अधिकारियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के जिलों के डीएमओ ने छत्तीसगढ़ राज्य चावल मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर चावल मिलर्स से पैसे वसूले। चावल मिलर्स पर जबरन वसूली की रकम देने का दबाव बनाने के लिए आरोपी व्यक्तियों ने बिना किसी औचित्य के चावल मिलरों के बिलों को लंबित रखा। पूरे छत्तीसगढ़ के चावल मिलरों को राज्य चावल मिलर संघ द्वारा उनके प्रोत्साहन बिलों के भुगतान के लिए 20 रुपये प्रति क्विंटल चावल की दर से नकद देने के लिए मजबूर किया गया। इसके परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ के चावल मिलरों से भारी मात्रा में नकदी वसूली हुई जिसका इस्तेमाल आरोपी व्यक्तियों ने अपने निजी लाभ के लिए किया।

### 16 से 30 अक्टूबर तक चलेगा भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान

**रायपुर, 11 अक्टूबर।** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से 30 अक्टूबर के बीच होगा अभियान की जानकारी देते हुए सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति के संयोजक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक मंडल में 200 कुल 1 लाख सक्रिय सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है इस बाबत वर्चुअल राष्ट्रीय कार्यशाला 8 अक्टूबर एवं प्रदेश की कार्यशाला 9 अक्टूबर को संपन्न हुई। 11 से 14 अक्टूबर तक जिलों में प्रत्यक्ष रूप से कार्यशालाएं आयोजित होंगी जिसमे प्रदेश के प्रमुख नेतागण भी शामिल होंगे।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि 1 से 4 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता के फॉर्म का सत्यापन व अनुमोदन होगा एवं 5 नवंबर को जिला द्वारा सक्रिय सदस्यों की सूची जारी की जाएगी समिति में सांसद रूपकुमारी चौधरी व विकास मरकाम सदस्य बनाए गए हैं जिला स्तर पर भी इस कार्य हेतु समितियां बनाई गई है।

श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा के सदस्यता अभियान को छत्तीसगढ़ में बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है, लगातार सदस्यता कि संख्या में इजाफा हो रहा है और हर वर्ग के लोगो ने सदस्यता अभियान को लेकर काफी उत्साह दिखाया है।जिसके फलस्वरूप ही छत्तीसगढ़ ने 36 दिनो में 36 लाख सदस्यो की संख्या को पार कर लिया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26